

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 7 जून 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-11 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 273 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महामार्ग

प्रभास की फिल्म छोड़ दीपिका ने थामा साउथ स्टार का दामन ◂◂ 6


# आम का लालच देकर चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म

## खून से लथपथ रोते बिलखते घर पहुंची मासूम, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र में एक चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यह घटना शुक्रवार को हुई, जब गांव में एक रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। पुलिस के अनुसार, गांव के ही कर्मदेव उरांव ने बच्ची को बहला-फुसलाकर गांव से कुछ दूर स्थित एक बगीचे में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची खून से लथपथ और रोते हुए घर पहुंची, तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी कर्मदेव को पकड़कर अखरा स्थल के पास रस्सी से बांधा और उसकी पिटाई की। सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अपराध को अंजाम देने के समय वह नशे की हालत में था। चान्हो पुलिस थाने के प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता की कल रात मेडिकल जांच कराई गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे शनिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। चंदन कुमार गुप्ता ने पीड़िता के परिवार के बयान का हवाला देते हुए कहा, 'पीड़िता और आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। शुक्रवार को आरोपी गांव में एक शादी समारोह में गया था। उसने लड़की को आम का लालच दिया और उसे पास के एक बगीचे में ले गया। आरोपी ने वहां नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।' घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी की पिटाई की, जिसे बाद में पुलिस ने बचा लिया।

## सरकारी अस्पताल की लापरवाही, जिंदा बच्चे को बताया मृत , उपायुक्त ने दिया जांच का आदेश

**हजारीबाग :** जिला स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की नर्सों ने भ्रूण को मृत बताकर प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिला को भर्ती करने से मना कर दिया। जिसके बाद उसके पति ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। घटना के बाद हजारीबाग जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। झारखंड के हजारीबाग में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सरकारी अस्पताल ने प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिला के गर्भ में बच्चे की मौत होना बताकर कथित तौर पर भर्ती करने से मना कर दिया था। महिला ने अब एक निजी अस्पताल में लड़के को जन्म दिया है। घटना के बाद हजारीबाग जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। लड़के को जन्म देने वाली महिला का नाम मनीषा देवी है। उनके पति विनोद साओ ने दावा किया है कि वह बुधवार को अपनी पत्नी को चलकुशा ब्लॉक से लगभग 120 किलोमीटर दूर हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां नर्सों ने बताया कि मनीषा का हीमोग्लोबिन कम है। उसके बच्चे की गर्भ में ही मौत हो चुकी है। पति ने नहीं छोड़ी उम्मीद, निजी अस्पताल लेकर पहुंचे विनोद ने बताया कि इसके बाद भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी, जिसके बाद वह पत्नी को जिले के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पत्नी ने निजी अस्पताल में स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। साओ ने कहा, 'मैं अपने बच्चे के सुरक्षित प्रसव के लिए सेंट कोलंबा मिशन अस्पताल के डॉक्टरों को धन्यवाद देती हूं।' उपायुक्त ने अस्पताल अधीक्षक को जांच समिति गठित करने का आदेश दिया : हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शेख भिकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के अधीक्षक को घटना की जांच शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य मरीजों को कम कीमत पर बेहतरीन उपचार उपलब्ध कराना है, लेकिन यहां कथित तौर पर इससे इनकार किया गया। मैंने अस्पताल के अधिकारियों को इस संबंध में एक जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया है। निजी अस्पताल संचालक बोले- मां-बच्चा सुरक्षित निजी अस्पताल के संचालक और श्रीनिवास मंगलम ट्रस्ट के मालिक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि मनीषा की कई जांच कराई गईं। सभी रिपोर्ट सही मिलने के बाद उसकी डिलीवरी की गई, जिसके बाद उसने बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि मां और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

## दो बाइकों की भीषण टक्कर में दो की मौत




संवाददाता

**धनबाद :** जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पर दो बाइकों में भीषण टक्कर हो गई। वहीं इस घटना में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि एक शख्स बुरी तरह से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात धनबाद-कांको 8 लेन हाईवे पर बड़की बौआ मोड़ के पास की है। मृतकों की पहचान सौरभ बेलदार और रवि गोप के रूप में हुई है। वहीं हादसे में कृष्णा चौहान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सौरभ बेलदार और कृष्णा चौहान एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक जमीन पर गिर गए। वहीं दो युवकों सौरभ बेलदार और रवि गोप ने मौके पर दम तोड़ दिया जबकि कृष्णा चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसका इलाज जारी है।

मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं इस दर्दनाक हादसे ने दोनों युवकों के माता-पिता को एक गहरा सदमा दे दिया।

## भेड़-बकरियों की चोरी, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



संवाददाता

**पलामू :** जिले में चोरों ने आतंक मचा रखा है। यहां लुटेरे पशुओं की धड़ल्ले से चोरी कर रहे हैं। चोरों ने पलामू जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 100 भेड़-बकरियों की चोरी की है। इस घटना ने लोगों में भय पैदा कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, पहला मामला पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र का है। यहां सुजीत पाल नाम का एक व्यवसायी है जो बकरी पालन का काम करता है। गुरूवार रात चोर उसके घर से 50 बकरियों की चोरी कर ले गए। पीड़ित शख्स ने बताया कि उन्होंने बकरियों को कमरे के भीतर रख बाहर से ताला लगाकर सुरक्षित रखा हुआ था। वे सभी लोग रात में गहरी नींद में सोए हुए थे। रात में कब चोर घर में आए और ताला तोड़कर सारी बकरियां चुरा कर फरार हो गए। उन्हें इसकी भनक भी नहीं लगी। वहीं दूसरी घटना रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव की है। यहां खेत में रखी 50 भेड़ों को लुटेरे चुरा कर ले गए।

वहीं इन घटनाओं की जानकारी मिलने पर पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।



## राष्ट्रपति का देवघर दौरा स्थगित, नया शेड्यूल जल्द होगा जारी

**देवघर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 10 और 11 जून को देवघर आगमन स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन से एम्स प्रबंधन व जिला प्रशासन को राष्ट्रपति का कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना भेज दी गयी है। राष्ट्रपति के आगमन का कार्यक्रम स्थगित होने के बाद देवघर एम्स में एमबीबीएस के पहले दीक्षांत समारोह की नयी तिथि की घोषणा होगी। शुक्रवार देर शाम राष्ट्रपति भवन से एम्स के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय को राष्ट्रपति के देवघर आगमन स्थगित होने की सूचना दी गयी है। उस वक्त वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दीक्षांत समारोह में शामिल होने का आमंत्रण देकर रांची से देवघर लौट रहे थे। निदेशक डॉक्टर वार्ष्णेय ने बताया कि राष्ट्रपति का 10 जून को देश के अन्य जगहों पर भी कार्यक्रम स्थगित हो गया है।

## दिल्ली के झारखंड भवन में बीजेपी विधायक को नहीं मिला कमरा, धरने पर बैठे शशि भूषण मेहता

- कल्पना सोरेन को लगाया फोन

संवाददाता

**पलामू:** जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को शुक्रवार को उस वक्त असहज स्थिति का सामना करना पड़ा जब दिल्ली स्थित झारखंड भवन में उनके लिए कमरा उपलब्ध नहीं कराया गया। विधायक ने पहले ही अपने नाम से दो कमरे बुक करवा लिए थे, इसके बावजूद उन्हें रिसेप्शन पर बताया गया कि कोई भी कमरा खाली नहीं है।


इस घटना से आहत होकर डॉ मेहता ने झारखंड भवन के रिसेप्शन काउंटर पर ही अपने सामान के साथ धरना शुरू कर दिया और वहीं बैठकर अपने टिफिन से भोजन किया। उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को दी। साथ ही केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और खटट विधायक कल्पना सोरेन को भी घटना से अवगत कराया।



### यह विधायिका का अपमान है : विधायक मेहता

डॉ मेहता ने आरोप लगाया कि झारखंड भवन की व्यवस्था में अनियमितता और पक्षपात साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा, मैंने दो कमरे पहले ही बुक करवा लिए थे, जिसकी पुष्टि भी की गई थी। लेकिन यहां पहुंचने पर सिर्फ एक कमरे की बात कही गई और बाकी कमरों को लेकर कहा गया कि कोई भी उपलब्ध नहीं है। बाद में जानकारी मिली कि एक कमरा पूर्व विधायक के नाम पर बुक है, जबकि शेष कमरे खाली हैं।

**सीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग:** विधायक ने सीएम हेमंत सोरेन से भी अपील की कि झारखंड भवन की व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने कहा, सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर झारखंड भवन बनाया है, लेकिन झारखंड के ही विधायक को अपमान सहना पड़ रहा है। यह व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है। डॉ मेहता ने तीखे लहजे में कहा, एक आंख में सुरमा और दूसरी में काजल नहीं चलेगा। उन्होंने मांग की कि झारखंड भवन की व्यवस्था सुव्यवस्थित हो ताकि सभी विधायकों को वहां सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकें।

न्यूज ब्रीफ

## अवैध बालू खनन से नदियों के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतराः धनपति महतो



**सिल्ली :** नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी समाजसेवी धनपति ने एक शादी समारोह में शामिल होने के पश्चात कहा कि मेरा मानना है पूरे झारखंड राज्य में सबसे अधिक बालू का अवैध खनन व ढूलाई सिल्ली में हो रहा है । यहां के पुलिस-प्रशासन मौन है । रोजाना 150-200 हाइवा अवैध बालू रांची गोला रामगढ़ भेजा जा रहा है। यही नही ब्लॉक में बैगर पास का कोई काम नही हो रहा है थाना का कार्यशैली जनता परेशान है। श्री महतो ने कहा कि लगातार बालू खनन करने से नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करते है कि अविलंब बालू के अवैध कारोबार पर रोक लगे।

## सेल रांची ने जीता ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट , फाइनल में मेकॉन को हराया



**रांची :** जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के अंतर्गत मेकॉन स्टेडियम में ईडीएस. सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला। रोमांचक मुकाबले में सेल यूनिट रांची ने मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब को 51 रनों से हराया। सेल यूनिट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.4 ओवर में 206 रन बनाए। पंकज कुमार (59 रन, 4 छक्के), विकास कुमार (39 रन) और उत्तम कुमार (31 रन) ने अहम योगदान दिया। जवाब में मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब की टीम 39.2 ओवर में 155 रन पर ढेर हो गई। मैन ऑफ द मैच पंकज यादव ने मैच जिताऊ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट चटकाए। गेंदबाजी में प्रशान सुमन और मोहित कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार श्रेष्ठ सागर को मिला।

इस मौके पर सेल आर एंड डी के तरफ से कार्यपाल निदेशक श्री संदीप कुमार कर, सीजीएम एचआर, सेल मैनेजमेंट तथा सेल यूनिट्स स्पोर्ट्स क्लब के अधिकारियों ने सेल टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी।

## कृष्ण मंदिर में भजन- कीर्तन



**मुरी :** झालदा देवलबेडा स्थित कृष्ण मंदिर में भजन-कीर्तन कीर्तन चार जून से प्रारंभ हुआ । भजन-कीर्तन में आस पास के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे । भक्त गणों ने बैठ कर दर्शन कर भजन का श्रवण किया। प्रत्येक साल गांव की सुख-समृद्धि के लिए एवं संकट से बचने हेतु धार्मिक आयोजन होता है। आसपास मेले जैसा दृश्य रहता है। मंदिर में भजन-कीर्तन टीम मंदिर में झाल बजाते हुए परिक्रमा करती है।

## बकरीद की नमाज अदा की गयी

**मुरी :** बकरीद को लेकर पौने सात बजे कलुवाडीह मस्जिद में नमाज अदा की गई, वहीं सात बजे सुलूमजुडी मस्जिद,सवा सात बजे मुरी मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा की गयी। कलुवाडीह के मो फारूख ने बताया कि अल्लाह को कुबार्नी पंसद है इसलिए दुनिया के मुसलमान उनकी याद को ताजा करने के ख्याल से ईद उल अजहा का नमाज अदा कर घरों में कुर्बानी देते हैं। कुर्बानी को तीन हिस्सों में बांटा जाता है एक जो खुद कुर्बानी करता है। दूसरा गरीब के लिए और तीसरा रिश्तेदार के लिए।

## मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री मेदिनीनगर सिटी में बदस्तूर जारी

**मेदिनीनगर :** खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या से मेदिनीनगर सीटी सहित पूरे पलामू के लोग जूझ रहे हैं। मेदिनीनगर सिटी में करीब 20 बड़े होटल हैं जहां रेस्टोरेंट की सुविधा है। लगभग 100 की संख्या में रेस्टोरेंट और मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थ के दुकान हैं जहां लोग बैठकर नाश्ता-खाना करते हैं। इसके अलावा भी मिठाई और नमकीन की दुकान शहर में संचालित हैं। इन होटल, रेस्टोरेंट व दुकान में उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य की चिंता किए बिना मिलावटी सामग्री धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। मिठाई आदि खाद्य सामग्रियों की एक्सपायरी डेट कुछ ही दुकानों में नियमित रूप से प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

खाद्य पदार्थ में मिलावट, त्योहार में भयावह स्तर तक पहुंच जाती है। मेदिनीनगर कोर सिटी के मिठाई कारोबारी पिंटू गुप्ता ने बताया कि वे हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे माल का प्रयोग कर मिठाई बनाते है जिससे गुणवत्ता कायम रहती है। उनके प्रोडक्ट के उपयोग करने से स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत नहीं आई है। बाजार में मिलावटी मिठाई का प्रचलन बढ़ गया है। सुदूरवर्ती गांव से आने वाले लोग इसका शिकार ज्यादा होते है। वे चंद पैसे बचाने के प्रयास में वे अपने स्वास्थ्य को बर्बाद कर रहे है। सरकार को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। रेड़मा स्थित एक दुकानदार अंकित चौधरी ने बताया की बाजार में मिलावटी सामानों का प्रचलन बढ़ गया है। लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मिलावटी पदार्थ को सस्ते व आकर्षक मार्केटिंग के माध्यम से बेचा जा रहा है। मिठाई दुकान संचालक सुनील शर्मा ने कहा कि पनीर, खोवा, बेसन में मिलावट बढ़ जाने से मिठाइयों को विशुद्ध बनाए रखने की चुनौती बढ़ गई है। वे प्रयास करते हैं कि बड़े ब्रांड का बेसन प्रयोग करें जबकि पनीर और खोवा पहचान वालों से ही खरीदते हैं।

### मुख्यमंत्री ने होटवार में झारखंड के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की रखी नींव, कहा

# देश व राज्य के अर्थव्यवस्था की रीढ़ है खेती

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट में झारखंड के पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि किसानों की आमदनी बढ़े और वे मजबूत, आत्मनिर्भर और खुशहाल बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसलिए सरकार खेती और उससे जुड़े क्षेत्रों को मजबूती देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं।

कृषि को व्यवसायिक रूप देने पर जोरः हेमन्त सोरेन ने कहा कि अब वक्त है कि खेती को व्यवसायिक रूप दिया जाए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेती में नए मुकाम हासिल कर सकते हैं, तो दिन-रात खेती से जुड़े किसान क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि खेती के साथ-साथ उसके उत्पादों का वैल्यू एडिशन यानी उन्हें प्रोसेस



कर बाजार में बेहतर कीमत पर बेचने की व्यवस्था भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में ह्यमेधा रागी लड्डू , मेधा सूधन खाद और चारा बनाने की मशीन साइलेज की भी शुरूआत की।

पशुपालन और दुग्ध उत्पादन पर विशेष ध्यानः मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती के साथ पशुपालन भी आर्थिक मजबूती का जरिया बन सकता है। सरकार अब किसानों और पशुपालकों को जो पशु देती है, उनका बीमा भी करा रही है। अगर किसी कारण से पशु की मौत हो जाए, तो किसान को नुकसान न उठाना पड़े।

सरकार की योजना है कि आने वाले 5 से 7 साल में झारखंड दूध, मछली और मीट उत्पादन में न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि इन्हें दूसरे राज्यों में भी भेज सके। इसके लिए दूध संग्रहण, बाजार उपलब्धता और किसानों को उचित दाम देने की दिशा में काम हो रहा है।

कृषि से पर्यावरण को नहीं होता नुकसानः मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां बड़े-बड़े उद्योग पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं खेती एक ऐसा क्षेत्र है जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि आज बच्चों में कुपोषण बढ़ने का कारण रसायन युक्त और नकली भोजन है। अगर हर घर में पशुपालन हो, तो लोगों को शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिल सकता है। हेमन्त सोरेन ने दोहराया कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं। सरकार उनकी भलाई के लिए लगातार काम कर रही है, ताकि राज्य का हर किसान सशक्त बन सके।कार्यक्रम में मौजूद प्रमुख लोगः इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, सचिव अबू बकर सिद्दीक, पशुपालन निदेशक किरण पासी, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह और झारखंड मिल्क फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदेव विश्वास शामिल हुए।

## आरडीसीआईएस, सेल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** हर साल की तरह, संयुक्त राष्ट्र ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के लिए एक विशिष्ट थीम चुना- प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना । आरडीसीआईएस सेल ने भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस समारोह के पूर्वार्ध में, इससे पहले रांची की सेल इकाइयों के सभी कर्मचारियों के लिए इस्पात उद्योग के संदर्भ में प्रासंगिक विषयगत दिशा में निबंध-सह-प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसके अलावा, सेल कर्मचारियों के बच्चों और कुछ स्थानीय स्कूलों के बच्चों के बीच एक चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी।

दोपहर में, इस दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए आरडीसीआईएस समिति कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह-सह-पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस), संदीप कुमार कर ने की।



आरडीसीआईएस, सेल के अन्य महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अपने स्वागत भाषण में, महाप्रबंधक (ऊर्जा एवं पर्यावरण) आईएन. पी. गुप्ता ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के संदर्भ और इस दिन को मनाने के लिए आरडीसीआईएस के प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया । अपने विषय संबोधन में, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस) संदीप कुमार कर ने सीओ2 उत्सर्जन को कम करने के महत्व पर पुरस्कृत बच्चों के साथ व्यापक रूप से बातचीत की। उन्होंने चर्चा की कि कैसे विशेष रूप से प्लास्टिक द्वारा प्रदूषण और उड2 जैसे पर्यावरणीय उत्सर्जन लंबे समय में मानव अस्तित्व के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि इसे कम करने में सभी को क्या भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में इस विषय पर कई लघु फिल्में भी दिखाई गईं। अंत में, सभी विजेता कर्मचारियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किए गए।

## बजरंग दल के प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न जिले के युवा हुए शामिल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन लोहरदगा जिले में किया गया। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के युवाओं ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण वर्ग युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।इस वर्ष के प्रशिक्षण वर्ग में चतरा जिले से भी उत्साही युवा शिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिन्होंने शिविर में अनुशासन, शारीरिक दक्षता, आत्मरक्षा, धर्म रक्षा और सेवा कार्यों की बारीकियों का गहन अभ्यास किया। बजरंग दल के इस प्रशिक्षण वर्ग को 'शौर्य वर्ग' इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसमें युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण, लाठी संचालन, सूर्य नमस्कार, योग, व्यायाम, तथा हिंदू समाज की रक्षा हेतु प्रेरणादायक सत्रों से परिचित कराया जाता है।प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का




समापन अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रांत सह मंत्री विजय पांडेय, चतरा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडेय, तथा इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साव की विशेष उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षु युवाओं को आशीर्वाद स्वरूप प्रेरणादायक बातें कही और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।चतरा जिले से सम्मिलित युवाओं ने भी इस वर्ग में अनुशासन और उत्साह का परिचय देते हुए संगठन की गरिमा को बढ़ाया। उनकी सहभागिता से न केवल जिले का गौरव बढ़ा है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।

इस प्रशिक्षण वर्ग ने युवाओं में राष्ट्र भक्ति, सामाजिक समरसता, सेवा भावना और आत्मरक्षा की जो अलख जगाई है, वह निश्चित रूप से झारखंड के कोने-कोने में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखेगी।

## बोकारो तक बढ़ी बर्द्धमान-हटिया मेमू की सेवा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबादः** धनबाद और बोकारो के यात्रियों के लिए बुरी खबर है। 30 जून तक बर्द्धमान-हटिया मेमू अलग-अलग दिनों में बोकारो तक ही जाएगी हटिया तक नहीं। हटिया-सांकी पैसेंजर ट्रेनें भी रद रहेंगी। धनबाद से बोकारो और टाटा जाने वाली झाड़ग्राम मेमू 9 और 11 जून को रद रहेगी। रेलवे ने बताया कि रांची और आद्रा मंडल में विकास कार्यों के चलते यह बदलाव किया गया है। धनबाद व बोकारो समेत राज्य के बड़े हिस्से के यात्रियों की परेशानी शनिवार से बढ़ जाएगी। आगामी 30 जून तक बर्द्धमान-हटिया मेमू अलग-अलग दिनों में हटिया के बदले बोकारो तक जाएगी। वापसी में भी बोकारो से बर्द्धमान तक चलाई जाएगी। बोकारो से हटिया के बीच दोनों ओर से रद रहेगी। इसके साथ ही हटिया से सांकी के बीच



चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें भी 30 जून तक अलग-अलग दिनों में रद रहेंगी। इतना ही नहीं, धनबाद से बोकारो व टाटा होकर चलने वाली झाड़ग्राम मेमू भी नौ व 11 जून को दोनों ओर से रद रहेगी। अलग-अलग दिनों में भोजूडीह-चंद्रपुरा मेमू महुदा तक चलेगी। रेलवे से जारी सूचना में बताया कि रांची मंडल के रांची-टाटीसिल्वे के बीच ट्रैफिक ब्लाक तथा तथा आद्रा रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण अलग-अलग दिनों में ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

इन तिथियों में प्रभावित होंगी ट्रेनें 13503 बर्द्धमान-हटिया मेमू सात, आठ, नौ, 11, 12, 14, 15,16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29 व 30 जून को हटिया के बदले बोकारो तक जाएगी। 13504 हटिया-बर्द्धमान मेमू सात, आठ, नौ, 11, 12, 14, 15,16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29 व 30 जून को हटिया के बदले बोकारो से चलेगी। 58663 हटिया-सांकी पैसेंजर, 58664 सांकी-हटिया पैसेंजर, 58665 हटिया-सांकी पैसेंजर एवं 58666 सांकी-हटिया पैसेंजर सात, आठ, नौ, 11, 12, 14, 15,16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29 व 30 जून को रद। 13 व 15 जून को 68079 भोजूडीह-चंद्रपुरा मेमू भोजूडीह से महुदा तक चलेगी। 13 व 15 जून को 68080 चंद्रपुरा-भोजूडीह मेमू महुदा से भोजूडीह तक चलेगी।

## नवविवाहिता भाभी को विदा कराने गए देवर की सड़क हादसे में मौत

**छतरपुर(पलामू) :** पलामू जिले के उदयगढ़-मड़वा-नौडीहा स्टेट हाइवे पर शुक्रवार को तीन के एक बजे हाइवा की चपेट में आ जाने से सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार की मौत हो गई। पीपरा थाना क्षेत्र के बडकागांव निवासी 17 वर्षीय गोलू, अपनी नवविवाहिता भाभी को विदा कराने भाई के ससुराल उदयगढ़-तेलियाडीह ससुराल गया था। नौडीहा बाजार से कपड़ा लेकर लौटने के क्रम में महिपता गांव में दिन के एक बजे घटना हुई। मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने 10 लाख रुपये मुआवजा की मांग करते हुए स्टेट हाइवे को चार घंटे तक जाम रखा। जाम करने वालों ने हाइवा संचालक से 10 लाख रुपए मुआवजा और बर्बाद हो गए बाइक के बदले रुपये की मांग कर रहे हैं।

नौडीहा के अंचल अधिकारी रामनारायण खलको, छतरपुर के पुलिस इंस्पेक्टर द्वारिका राम, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नौडीहा के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाकर जाम हटवाया। उल्लखनीय है कि छतरपुर अनुमंडल में स्टोन माइंस और क्रशर का कारोबार में इजाफा से सड़क दुर्घटना और उसमें मौत की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है।

## आईएएस सह प्रशिक्षु एसडीएम के निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य विभाग की पोल

### अस्पताल उपाधीक्षक पीएसए ऑक्सीजन प्लांट चालू होने का कर रहे थे दावा

### आंधे घंटे तक पीएसए प्लांट में खड़े रहे एसडीएम, चालू नहीं हुआ ऑक्सीजन प्लांट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी सह सिमरिया अनुमंडल के प्रशिक्षु एसडीएम सन्नी राज व चतरा एसडीएम जहूर आलम गुरुवार को स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल देखने सदर अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल की पोल खुल गई। कोविड के संभावित खतरे को देखते हुए अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में लगाएं गए पीएसए



ऑक्सीजन प्लांट को दुरुस्त रखने का निर्देश अस्पताल उपाधीक्षक को दिया। इस पर उपाधीक्षक ने पीएसए ऑक्सीजन प्लांट पुरी तरह से चालू होने का दावा किया, तब एसडीएम ने ऑक्सीजन प्लांट को चालू कर दिखाने की बात कही, पीएसए प्लांट के केयर टेकर आंधे घंटे तक ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने का प्रयास करते रहे लेकिन प्लांट चालू नहीं हो पाया। अंत में पावर लो होने का हवाला देते हुए अधिकारियों को संतुष्ट करने का प्रयास उपाधीक्षक के द्वारा किया गया। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम सन्नी राज ने कहा कि पूरे देश में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे मामलों में बहाने बाजी नहीं चलेगी। पावर की समस्या है तो इसे अविलंब ठीक कराएं। सदर अस्पताल में कोविड जांच के लिए किट की अनुपलब्धता पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों ने अविलंब कम से कम पांच सौ कोविड जांच किट की खरीददारी करने का निर्देश दिया। इसके बाद अधिकारियों ने अस्पताल की साफ सफाई का भी जायजा लिया। अस्पताल में नियमित रूप से साफ सफाई कराने का निर्देश दिया गया। इसके बाद अस्पताल में मरीज के साथ आने वाले उनके अटेंडेंट के लिए दीदी कैफे खोलने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जगह चयनित किया गया। सभी अधिकारियों और कर्मियों के लिए आई कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। अस्पताल में मिलने वाले सभी सुविधाओं के लिए साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन को बायोमैट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही अधिकारियों और कर्मियों को मानदेय व वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल सहित अन्य कई उपस्थित थे।

शराब घोटाला

# आईएएस विनय चौबे की संपत्ति की होगी जांच, सरकार ने दी अनुमति

## दूसरे गिरफ्तार अधिकारियों की भी होगी पड़ताल

मेट्रो रेज

**रांची:** राज्य में शराब घोटाले की जांच अब और तेज हो गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को सरकार ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और उनके करीबियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच की अनुमति दे दी है। एसीबी को प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो अवैध रूप से कमाए गए पैसों के संपत्तियों में निवेश की ओर इशारा करते हैं।

जांच के दायरे में चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता, साला शीपिज त्रिवेदी व उनकी पत्नी प्रियंका, कारोबारी विनय कुमार सिंह और उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह, चार्टर्ड अकाउंटेंट उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी के नाम पर रजिस्ट्री ऑफिस से संपत्तियों का ब्यौरा मांगा गया है।



फिलहाल, पांच अचल संपत्तियों और तीन कंपनियों का पता चला है, जिनमें संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के प्रमाण मिले हैं। इस बीच आरोपी कारोबारी विनय सिंह अउइ के दोबारा बुलावे के बावजूद पूछताछ के लिए हाज़िर नहीं हुए हैं। उनकी कंपनी नेक्सजेन के एकाउंटेंट से पूछताछ हो चुकी है। अब एसीबी उन्हें आखिरी बार नोटिस भेजने की तैयारी में है।

# काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन, अंतिम दिन महाभंडारे का आयोजन



मेट्रो रेज

**रांची:** महाभंडारे के साथ चारदिवसीय दिवसीय काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन हो गया।

वाराणसी के प्रसिद्ध पुजारी आचार्य सुभाष पांडे एवं बालव्यास शिवम् कृष्ण शास्त्री द्वारा तीन जून को प्रातः सात बजे कलश यात्रा एवं वेदी पूजन,चार जून को पुनः वेदी पूजन एवं संकीर्तन,पांच जून को नगर भ्रमण,प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन विधि विधान से मंत्रोपचारण के साथ कराई गई ।आज संध्या मं भव्यरूप से महाभंडारे का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि हटिया के लोकप्रिय विधायक नवीन जायसवाल,रांची विधायक सी पी सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी भीम प्रभाकर,राहुल चौधरी,शिव किशोर शर्मा,संतोष कुमार सहित हजारों श्रद्धालुओं महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता मुख्य आयोजक (अध्यक्ष)सोनू श्रीवास्तव ने किया। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से सिद्धेश्वर यादव,राजेंद्र साव,दीपक कुमार, रविंद्र शर्मा,राजेश शर्मा,लालजी शर्मा, सुनील शर्मा,विकाश सिन्हा,राहुल श्रीवास्तव,सुबोध साव, निशु सिंह,रौशन कुमार,पवन सिंह, अंकित वर्मा, जितेंद्र यादव,शुभम सोनी व अन्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एचडीएफसी बैंक ने पदयात्रा कर दुकानदारों और व्यापारियों से किया संवाद




मेट्रो रेज

**रांची:** एचडीएफसी बैंक ने झारखंड और बिहार क्षेत्र में पदयात्रा 2.0 का सफल शुभारंभ किया। इस पदयात्रा का उद्देश्य क्षेत्र के दुकानदारों, एमएसएमई, व्यापारियों और थोक विक्रेताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनके साथ मजबूत संबंध बनाना रहा। यह अभिनव कार्यक्रम शाखा टीमों द्वारा मार्केटिंग और डेटा एनालिटिक्स टीमों के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड अंचल प्रमुख नितेश नारायण चौधरी ने किया, जिसमें सभी शाखा प्रबंधक और उनकी टीमें उपस्थित रहीं। यह एक क्रॉस-डिपार्टमेंटल प्रयास रहा, जिसमें विभिन्न विभागों की सहभागिता ने इस पहल को और भी प्रभावशाली बनाया। कुमार अभिषेक, क्षेत्रीय प्रमुख झ बिहार एवं झारखंड ने इस नवोन्मेषी पहल के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पदयात्रा 2.0 केवल एक आउटरीच कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जमीनी स्तर पर सशक्त संवाद और स्थायी संबंध निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है।

पदयात्रा 2.0 स्थानीय समुदाय से जुड़ाव और ग्राहकों को केंद्र में रखकर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है, जो आने वाले समय में ऐसी और पहलों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# बिरसा चौक में नये आरओबी का निर्माण शुरू 20 करोड़ की लागत से बनकर होगा तैयार

संवाददाता

**रांची:** राजधानी वासियों को जल्द ही एक नये आरओबी की सौगात मिलने वाली है। जानकारी के अनुसार, रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। इसके निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बताया गया कि वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है। रेलवे की योजना दो सेंटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेगें। यह योजना अगले 40 सालों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है। इसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मालूम हो कि रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त सेंटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी। वहीं, नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। मालूम हो कि नये ब्रिज के निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज छोटा होने के कारण जाम की समस्या होती है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट व प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं।



# रांची के आंदोलनकारियों की बैठक कल

**मेट्रो रेज, रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला की आवश्यक बैठक कल यानी आठ जून को डोरंडा , झंडा चौक भवानीपुर स्थित कार्यालय में पूर्वाहन 11:30 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक होगी। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया सरकार से देने की मांग को लेकर चर्चा होगी। साथी रांची जिला सहित झारखंड के सभी जिला में लागू 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के आधार पर होने वाले नियुक्तियां में सरकार से झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री, पोता पोती लिए अलग से कॉलम निर्धारित करने की मांग की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा,सरोजिनी कच्छप, रोजलीन तिर्की,सुबोध कुमार लकड़ा,सुजीत राम, रतन महतो, अनथथन लकड़ा उपस्थित रहेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा का प्रसंग– WRD/WWDivisionBarhi/IFB- 01/2025-26

दिनांक 06–06–2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Construction of boundry wall and gate in Division office, Barhi, District- Hazaribag |
| 2 | प्राक्कलित राशि | रूपये 4,76,064.01 (चार लाख छिहत्तर हजार चौसठ एवं पैसे एक) मात्र । |
| 3 | परिमाण विपत्र का मुल्य | रु0 750.00 (रुपये सात सौ पचास) मात्र (अप्रत्यापर्णीय राशि ) । |
| 4 | अग्रधन की राशि | रु0 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) माह । |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न । |
| 7 | परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की तिथि एवं समय। | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न् से 17–06–2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक। |
| 8 | बीड समर्पित करने का तिथि एवं समय । | 10–06–2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न् से 17–06–2025 को 5:00 बजे अपराह्न् तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि | 19–06–2025 को 2:00 बजे अपराह्न् में। |
| 10 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, बरही (हजारीबाग) पिनकोड 825402 |
| 11 | ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का मोबाइल संख्या | 6206975083 |
| 12 | ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का दूरभाष संख्या | 06546–298149 / 9973166491 |

नोटः केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।

किसी भी विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, बरही

PR 354436 Water Resource(25-26)#D


# बकरीद की नमाज अदा की गयी



**मेट्रो रेज, रांची:** रांची ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज के बाद इमाम डां असगर मिस्बाही, आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के सचिव नेहाल अहमद, अंजुमन इस्लामिया रांची के राजा खान व कई अन्य ने आम लोगों से की मुलाकात।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

संख्याः NWR-AII0ADMIN(GENS)/45/2022 दिनांक 04.06.2025 मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर–पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यो के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या : GSUAII-PH53-02-2025 कार्य का नाम :** Raising and extension of medium level platform to high level platform at stations (PF)- GRI(1,2), CNL(1,2), HP(1.2), DRS(1,2) stations to eliminate the deficiency of MEA at 4 stations 8 platforms of Ajmer Division **अनुमानित लागत :** Rs. 18,00,64,828.78 **Bid Securtiy :** Rs. 10,50,300.00 **ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय :** 26/06/2025 को 15:00 बजे **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय :** 26/06/2025 को 15:30 बजे **उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पता** — www.ireps.gov.in 650-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**शिक्षा के बिना सामाजिक नवनिर्माण की बातें बेमानी : प्रिया लखोटिया, शिक्षित समाज से ही स्वस्थ व स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण संभव : अनीता अग्रवाल**

मेट्रो रेज

**रांची:** सामाजिक संस्था जेसीआई रांची उड़ान की अध्यक्ष अदिति मेवाड़ा, सचिव प्रिया लाखोटिया व पास्ट प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल की पहल पर समाजसेविका उमा जैन के सौजन्य से हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित (एचआई-1-100) आवासीय परिसर के निकट आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर 30 छात्रों के बीच कॉपी,कलम पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, बॉलप्वाइंट पेन आदि वितरित किए गए।

इस अवसर पर जेसीआई रांची उड़ान के अध्यक्ष अदिति मेवाड़ा ने बच्चों को प्रेषित अपने संदेश में कहा कि शिक्षित समाज से ही स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण संभव है। वहीं, संस्था की पास प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक बुराइयां दूर करने में काफी सहायक होती हैं। इसलिए बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना जरूरी है। संस्था की सचिव प्रीति लखोटिया ने कहा कि शिक्षित समाज के बिना सामाजिक नवनिर्माण की बातें बेमानी है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहने और आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को निशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करा रहे भूतपूर्व सैनिक ललन कुमार मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।




**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**जिला नियोजनालय, चतरा**

एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 11.06.2025

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 11.6.2025 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित **Company** द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Chaitanya India Fin Pvt Ltd | SFO (Field Officer) | 20 | 10 th | 18-30 | Fresher | Chatra, Hazaribagh, Koderma | 12770 + Fuel+Incentive+ Accomodate | Only for Male Candidate |
| 02 | Flipkart, Blinkit, Amazon | TL, Sorter | 500 | 10th + Graduation | 18-30 | 1 Year | Jharkhand, Bihar, kolkata | 12,000 to 20,000 | — |
| 03 | KPR Sugar And Spare LTD, | SMO, Helper, Packging | 500 | 12 th Pass | 18-26 | No | Tripura, Tamilnadu | 17000 CTC | Only for Female Candidate |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नही है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोट :– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 354391 Labour Employment and Traning (25-26)_D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## ग्रोथ पर दांव

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने इकॉनमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए शुक्रवार को रेपो दरों में आधा फीसदी की कटौती की, जबकि एक्सपर्ट्स इसमें 0.25% कमी का अनुमान लगा रहे थे। इसके साथ, उसने कैश रिजर्व रेश्यो में 1% की कमी का ऐलान किया। इससे बैंकों के पास पैसा और बढ़ेगा, जिसका इस्तेमाल वे कर्ज बांटने में कर सकेंगे। ऐसे में सस्ती दरों पर कर्ज लेकर कंपनियां नए निवेश करती हैं और उपभोक्ता खर्च करते हैं तो अर्थव्यवस्था को इससे सपोर्ट मिलेगा। रिजर्व बैंक ने लगातार तीसरी बार दरों में कटौती की है। इससे पहले उसने कहा था कि उसका ध्यान इकॉनमिक ग्रोथ को तेज करने पर है। आरबीआई के लिए रेपो दरों और कैश रिजर्व रेश्यो में कटौती करना इसलिए संभव हुआ क्योंकि उसे मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई दर के लक्ष्य से अंदर रहने की उम्मीद है। लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के कारण ग्रोथ की राह चुनौतीपूर्ण हो गई है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से अधिक 7.4% पहुंच गई, लेकिन वित्त वर्ष 2025 के लिए यह 6.5% ही रही। यह पिछले चार वित्त वर्षों में सबसे कम विकास दर है। गौर करने की बात यह भी है कि इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2024 में यह 9.2% रही थी। स्पष्ट है कि विकास दर में गिरावट का रुख है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर परिदृश्य मुश्किल दिख रहा है। इसी वजह से जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में शानदार ग्रोथ के बावजूद रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो में बड़ी कटौती के साथ रेपो दरों में भी बड़ी कमी की है। इससे बिजनेस सेंटिमेंट और कंस्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। पिछले बजट में 12 लाख तक की आमदनी पर टैक्स छूट का ऐलान किया गया था ताकि लोगों के हाथ में अतिरिक्त खर्च करने के लिए पैसा बचे। अब ब्याज दरों में बड़ी कटौती के बाद कंस्यूमर सेंटिमेंट और बेहतर होगा। ईएमआई का बोझ घटेगा। ऐसे में उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी होती है तो इससे आर्थिक विकास दर में तेजी आएगी। रिजर्व बैंक ने अपना रुख न्यूट्रल करते हुए यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ग्रोथ के लिए जो कर सकता है, वह कर चुका है। यानी अब बाकी कदम पॉलिसी मेकर्स को उठाना है। सरकार ने रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत करते हुए कहा भी कि इससे ग्रोथ मोमेंटम को सपोर्ट मिलेगा और निजी क्षेत्र की तरफ से निवेश बढ़ने की उम्मीद है। निजी क्षेत्र का कमजोर निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अरसे से समस्या बना हुआ है। लेकिन हालिया ग्रोथ यह भी बताती है कि बेहद मुश्किल वैश्विक माहौल में भारतीय इकॉनमी मजबूत बनी हुई है।

## बदलेगी सियासत

**जाति** जनगणना की तारीखों का ऐलान कर सरकार ने यह संदेह दूर कर दिया कि वह इस मुद्दे को लटकाए रखना चाहती है। तय शेड्यूल के अनुसार, 1 मार्च 2027 की आधी रात को जनगणना खत्म होगी। अब अगला सवाल है कि इसके आंकड़े कितनी जल्दी सार्वजनिक होते हैं। वजह यह है कि लोकसभा परिसीमन और महिला आरक्षण का मामला भी इसी से जुड़ा हुआ है। सरकार ने 2011 की सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना में भी जाति के आंकड़े जुटाने की कोशिश की थी, लेकिन तब उसमें इतनी विसंगतियां पाई गईं कि रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, पिछले डेढ़ दशक में सामाजिक और राजनीतिक रूप से जातिगत जनगणना का दबाव बढ़ा है। हाल में बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों ने इस दिशा में अपनी तरफ से कोशिश भी की, जो विवादों में घिर गई। केंद्र सरकार को इस तरह के विवादों और पिछली गलतियों से बचना होगा। आजाद भारत में जातियों पर राजनीति हुई, लेकिन उनका हिसाब नहीं रखा गया। ऐसे में यह जातिगत जनगणना पूरे परिदृश्य को बदल कर रख देगी। इसका पहला असर होगा लोकसभा सीटों की संख्या पर, जिस पर कोई फैसला 5 दशकों से टलता आ रहा है। देश की बढ़ती आबादी को अब संसद में अपने ज्यादा प्रतिनिधि चाहिए, लेकिन उत्तर और दक्षिण के बीच जनसंख्या का अंतर बड़ी रुकावट है। दक्षिण के राज्यों ने अपनी आबादी पर उत्तर की तुलना में नियंत्रण किया हुआ है। उन्हें डर है कि परिसीमन से उनके यहां सीटें कम हो सकती हैं। 1976 में इंदिरा गांधी और 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने परिसीमन कराया था, लेकिन सीटों की संख्या नहीं बढ़ाई। इंदिरा सरकार ने 25 साल के लिए सीटें बढ़ाने पर रोक लगा दी थी। वाजपेयी सरकार ने भी इसे बरकरार रखा। 2026 में यह मियाद खत्म हो रही है यानी अब जो जनगणना होने जा रही है, उसी के आधार पर सरकार को परिसीमन से जुड़ा अहम फैसला लेना होगा। जाति जनगणना के साथ जुड़ा एक और अहम सवाल आरक्षण का है। नए आंकड़ों के आधार पर आरक्षण में बदलाव की मांग उठेगी, लेकिन किसी भी तरह के बदलाव के रास्ते में जटिल राजनीतिक और कानूनी पेचीदगियां हैं। इन्हें सुलझाए बिना सरकार के लिए आगे बढ़ना मुश्किल होगा। जाति जनगणना से नए भारत के सामाजिक-आर्थिक समीकरणों को समझने में मदद मिलेगी, साथ में कुछ चुनौतियां भी होंगी। जनगणना के आंकड़े 2029 के पहले जारी हो पाते हैं या नहीं, यह सवाल अपनी जगह है, लेकिन इतना तय है कि इसका असर अगले लोकसभा चुनाव पर जरूर पड़ेगा।

# पर्यावरण के लिए वैदिक दर्शन महामार्ग

**दुनिया के कई देश रोटी–पानी , स्वास्थ्य, शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा नही कर पा रहे। यह दूसरा छोर है। वे संघर्ष में हैं। पृथ्वी पर पड़ोसियों से परिचय मैत्री घटी है। फ्लैट और कालोनी में रहने वाले शहरी सभ्यों ने भारत की प्रणाम नमस्कार संस्कृति को आहत किया है। तब चन्द्रमा पर किस भगवत्ता को उपलब्ध होंगे। पूरी दुनिया युद्धों में है।**

**अरुण कुमार दीक्षित**

अवनि अंबर में भारी तपिश है। यह तपिश प्रत्येक वर्ष बढ़ती जा रही है। टीवी, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया में मौसम लगातार गर्म रहने की खबरें हैं। ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ने की जानकारी दी जा रही है। वैज्ञानिक इस कारण चिंता में है। विश्व के बढ़ते तापमान को वैज्ञानिकों ने बताया कि यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण है। पूरे विश्व का पर्यावरण तंत्र बदल रहा है। भयावह तूफान आ रहे हैं। चक्रवाती तूफानों का आना बढ़ा है। पर्यावरण में अनेक तरह के बदलाव हो रहे हैं। ऋतु चक्र भी बदल रहा है। पक्षियों की कई प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। कई के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। पशुओं की संख्या घट रही है। वैज्ञानिक रिपोर्ट्स कहती हैं ग्लेशियरों के पिघलने से जल का प्रवाह बढ़ेगा। जल नदियों पहाड़ों से होते हुए समुद्र में जाएगा। महासागरों का जल स्तर बढ़ेगा। जल स्तर बढ़ने से पूरी दुनिया के अनेक नगरों को इस जल से डूबने का खतरा उत्पन्न होगा।

इस तरह की रिपोर्ट पहले भी आई हैं। पर्यावरण के प्रति हम सचेत नहीं होते हैं। पूरे विश्व का तापमान न बढ़े इस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लंबे समय से हो रहें हैं। पेरिस समझौते के 10 वर्ष हो रहे हैं। उत्सर्जन को हर हाल में कम करना ही होगा। सम्मेलनों के निष्कर्ष विश्व पर्यावरण को ठीक करने में नाकाम है। पूरे विश्व में विकास को लेकर प्रतिस्पर्धा है। प्रश्न है कि क्या आधुनिक विकास और विज्ञान मानव जीवन विरोधी है ? एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) विज्ञान का चमत्कार है। यह एआई बढ़ते तापमान पर क्या करेगा ? महासागरों में बाढ़ आने पर क्या कर लेगा ? मछलियां नहीं होंगी, मोर नहीं नाचेंगे ? शेर, चीता, बिल्ली, कुत्ता,गाय, घोड़ा हाथी सब विलुप्त जाएंगे क्या। तब मनुष्य कितने बचेंगे ? जो रह जाएंगे उनके साथ रोबोट होंगे। वह होंगे तो प्लास्टिक एल्युमीनियम स्टील के रोबोट के साथ होंगे। अनेक रोबोट कम्पनियों में काम करते बताए जाते हैं। समझ सकते हैं कि रोबोट के मित्र उनके साथ काम करने वाले मनुष्यों की संवेदना कम जरूर हो रही होगी। वे रोबोट के ही स्वभाव के हो सकते हैं। यह खोज का विषय है। विकसित राष्ट्र अधिकतम विकास कर अंतरिक्ष में कालोनी बनाना चाहते हैं। यह एक छोर है। दुनिया के कई देश रोटी-पानी , स्वास्थ्य, शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा नही कर पा रहे। यह दूसरा छोर है। वे संघर्ष में हैं। पृथ्वी पर पड़ोसियों से परिचय मैत्री घटी है। फ्लैट और कालोनी में रहने वाले शहरी सभ्यों ने भारत की प्रणाम नमस्कार संस्कृति को आहत किया है। तब चन्द्रमा पर किस भगवत्ता को उपलब्ध होंगे। पूरी दुनिया युद्धों में है। इनसे लोग भयभीत हैं। शक्तिशाली देश संयुक्त राष्ट्र संघ की कोई बात सुनते नहीं। उसकी आवाज ही दबी हुई है। बढ़ते युद्धों और बारूदी प्रगति के बीच पर्यावरणीय क्षति बड़ा विषय है।

यह पर्यावरण तब ठीक होगा जब तापमान को घटाने के उपाय सामूहिक हों। दृढ़ इच्छा शक्ति से भरे हों। अरबों डीजल, पेट्रोल की गाड़ियां लगातार धरती पर तापमान बढ़ा रही हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में भी भारी मशीनें चल रही हैं। डीजल पेट्रोल जलेगा तो कार्बन पर्यावरण में विचरण करेगा ही। वाहनों का कचरा अलग से है। ई-कचरा नई समस्या है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं ने समुद्र, नदियों,झीलों,तालाबों में जलीय जीवों को संकट में डाला है। जलीय जीवों में प्लास्टिक कण पाए गए हैं। प्लास्टिक के उचित प्रयोग पर सरकारें गम्भीर नहीं है। नगरों से गांवों तक प्लास्टिक कचरा है। कृषि भूमि चपेट में है। लोकसभा और विधानसभाओं में इस पर चर्चा नहीं है। विज्ञान का स्वभाव है अभी और आगे ? वस्तुओं का अंत नहीं है। धर्म और विज्ञान साथ-साथ हैं। सनातन धर्म कहता है कि हमारे आचरण से किसी व्यक्ति या समूह, राष्ट्र की क्षति न होने पाए। भारत इसे एक सूत्र वाक्य में ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ कहता है। संपूर्ण पृथ्वी हमारा परिवार है। समुद्र नदियों में ईश्वरीय अनुकंपा से जन्मे जलीय जीवों को जीने का पूरा अधिकार है। नदियों को वैदिक साहित्य में जल माताएं कहा गया है। नदियां भरतजनों की पूजनीय हैं। इन्ही नदियों के तटों पर कुंभ महाकुंभ हैं। नदियों के तटों पर विश्व में हजारों लाखों साल प्राचीन संस्कृतियों, सभ्यताओं का विकास हुआ है। नदियों, झीलों को सीवर लाइनों में परिवर्तित किया जा रहा है। वन संपदा औषधीय पेड़ों-पौधों के प्राकृतिक सौंदर्य को नष्ट करने की कार्रवाई जारी है। यह तब है जब इससे जुड़े बड़े मंत्रालय हैं। किसी एक देश में नहीं सभी देशों में हैं ऐसे मंत्रालय।

दुनिया के किसी विशेष क्षेत्र की बात नहीं पूरी दुनिया में समुद्र पाटे जा रहे हैं। पहाड़ों को गिराया जा रहा है। अंग्रेजी नाम वाले होटल भारत मे भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। एक सितारा से पांच सितारा तक होटलों की महिमा है। भारत के पवित्र, धार्मिक, आध्यात्मिक क्षेत्र में यह सितारेदार होटल बनें इसके लिए सरकारें परेशान हैं। इन होटलों के लिए नदियों झीलों को पाट रहे हैं। मशीनें गरज रही हैं। आधुनिक विकास के कदमों से समुद्र को नाप कर हर्षित हो रहे हैं। चीन विश्व का सबसे बड़ा बांध बना रहा है। इसके निष्कर्ष अभी बाकी हैं। आधुनिक विकास विनाश का भाई है। दैवीय आपदाएं बढ़ी हैं। पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो रहा है। बिजली की मांग बढ़ी है। करोड़ों पक्के नए घर बना रहे हैं। सीमेंट कंक्रीट के जंगलों से हरियाली पूर्ण सौंदर्य भरे नगर नहीं हैं। घरों में कैक्टस रखे हैं। पर्यावरण के साथ भारतीय संस्कृति का क्षरण तेजी से हो रहा है। अधिकतम पेड़ लगाया जाना पर्यावरण के लिए लाभदायक है। जनप्रतिनिधि तो कहीं पेड़ लगाते समय की या किसी पेड़ पौधे के साथ की सेल्फी से दिवस मना लेते हैं। वन विभाग सरकारी धन का गोलमाल करता है। ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के नाम पर भारी बजट का बंदरबांट है। पेड़ वहीं लगाए जाते हैं जहां उनकी सुरक्षा पानी का इंतजाम नहीं है। इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतें शासन स्तर पर पुरस्कृत होती हैं।

# बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की जटिल पर्यावरण समस्या

**प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव–जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।**

**ललित गर्ग**

बढ़ते तापमान, बदलते जलवायु एवं ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिये विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है, जो पर्यावरण, प्रकृति एवं पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोज्य यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ एकजुट करता है। बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया की एक गंभीर एवं जटिल समस्या है, इसीलिये 2025 में इस दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने पर केंद्रित है। कोरिया गणराज्य वैश्विक समारोह की मेजबानी करेगा। दशकों से प्लास्टिक प्रदूषण दुनिया के हर कोने में फैल चुका है, यह हमारे पीने के पानी, हमारे खाने, हमारे शरीर, हमारे पर्यावरण में समा रहा है। इस प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प निश्चित ही एक समाधान की दिशा बनेगा। हर साल 430 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है।

1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता के लिए यह दिवस सबसे बड़ा वैश्विक अभियान बन गया है, जो आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए 150 से अधिक देशों के विशाल वैश्विक दर्शकों को शामिल करता है। गत वर्ष इस दिवस की मेजबानी करते हुए सऊदी अरब ने भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए सकारात्मक प्रयासों का जश्न मनाया और पर्यावरण के मुद्दों पर काम करने वाले निजी और परोपकारी संगठनों के लिए अधिक समर्थन और वित्त पोषण की घोषणा की। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इन वर्षों में बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। पूरी दुनिया में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है, संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र को मृत क्षेत्रों में बदल रहा है और मानव जीवन पर तरह-तरह के खतरे पैदा कर रहा है।

प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, प्रकृति, पर्यावरण, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए, इसके लिये इस वर्ष की थीम से व्यापक बदलाव की संभावनाएं हैं।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए विभिन्न देशों की सरकारों ने ठान लिया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए? अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक के संकट का दूर करने की कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग केवल भारत में करते हैं।

# लिंगराज मंदिर में भगवान शिव के साथ की जाती है श्रीहरि विष्णु की पूजा

हमारे देश में भगवान शिव को समर्पित तमाम मंदिर हैं। इनमें से एक फेमस मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंग है। जहां पर इन 12 मंदिरों में शक्ति शिवलिंग स्थापित है। हालांकि शिवलिंग की पूजा में कुछ चीजों का इस्तेमाल वर्जित माना जाता है। जैसे भगवान शिव की पूजा में तुलसी दल, केतकी के फूल और श्रृंगार आदि का सामान अर्पित करने की मनाही होती है। लेकिन एक मंदिर ऐसा है, जहां पर शंकर जी के दिल में भगवान विष्णु बसते हैं। इनको द्वादश ज्योतिर्लिंग का राजा भी कहा जाता है। यह मंदिर ओडिशा के भुवनेश्वर में मौजूद भगवान लिंगराज का मंदिर है। तो आइए जानते हैं भगवान लिंगराज मंदिर के बारे में...

### लिंगराज का मंदिर

ओडिशा के भुवनेश्वर में भगवान लिंगराज का मंदिर मौजूद है। इसकी पहचान 12 ज्योतिर्लिंगों के राजा के तौर पर होती है। यहां पर भगवान लिंगराज विराजते हैं। इस मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसके प्रांगण में छोटे-बड़े करीब 150 मंदिर हैं। धार्मिक मान्यता है कि सोमवंशी राजा ययाति प्रथम ने इस मंदिर का निर्माण



कराया था। यहां पर विराजमान लिंगराज स्वयंभू हैं। बताया जाता है कि यह मंदिर दुनिया का अकेला ऐसा मंदिर है, जहां पर भगवान शिव को बेलपत्र के साथ तुलसी दल भी अर्पित किया जाता है। क्योंकि मंदिर में भगवान शिव के साथ भगवान विष्णु भी विराजते हैं।

### धार्मिक मान्यताएं

बताया जाता है कि लिंगराज मंदिर का निर्माण करीब 7वीं शताब्दी के आसपास राजा ययाति केशरी ने कराया था। माना जाता है कि रोजाना इस मंदिर में लगभग 6 हजार लोग दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर को लेकर मान्यता है कि जो भी भक्त इस मंदिर में आकर भगवान शिव के दर्शन करते हैं, उनका जीवन सफल हो जाता है। साथ ही उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। हालांकि इस मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है। मंदिर के पास एक ऊंचा चबूतरा बना है, जिससे कि दूसरे लोग भी वहां से इस मंदिर को देख सकें।

### शिवजी–विष्णु जी की साथ होती है पूजा

देशभर में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां पर भगवान शिव और भगवान विष्णु की एक साथ पूजा होती है। इस मंदिर में हर साल लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर में जो शिवलिंग है, वह ग्रेनाइट पत्थर का है। लिंगराज मंदिर 150 मीटर वर्गाकार में फैली है। मंदिर में 40 मीटर की ऊंचाई पर कलश लगाया गया है। इस मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पूर्व की ओर है, वहीं अन्य छोटे प्रवेश द्वार उत्तर और दक्षिण दिशा में हैं।

### कुआं है आकर्षण का केंद्र

बता दें कि मंदिर के दाईं ओर छोटा सा कुआं है। जोकि आकर्षण का खास केंद्र है। इस कुंए को मरीची कुंड के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस कुएं में स्नान करने से जातक को संतान की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस मंदिर से होकर एक नदी गुजरती है, जिसके पानी से मंदिर का बिंदुसार सरोवर भरता है। जो भी इस सरोवर में स्नान करता है, उसको शारीरिक और मानसिक कष्ट रोग दूर होते हैं।

## सेहत

### चाय, बेरीज, डार्क चॉकलेट और सेब से बढ़ाएं अपनी उम्र

चाय, बेरी, डार्क चॉकलेट और सेब जैसे फ्लेवोनॉयड से भरपूर खाद्य पदार्थ खाने से आपको गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम को कम करके लंबे समय तक जीने में मदद मिल सकती है। नेचर फूड में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, फ्लेवोनॉयड युक्त खाद्य पदार्थों की एक विविध श्रेणी का सेवन करने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर और तंत्रिका संबंधी बीमारियों के विकास का जोखिम कम हो सकता है। इस अध्ययन का नेतृत्व क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट, एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी पर्थ (ईसीयू), तथा मेडिकल यूनिवर्सिटी ऑफ वियना और यूनिवर्सिटेट विएन के शोधकर्ताओं की एक टीम ने किया। निष्कर्षों से पता चलता है कि आपके आहार में फ्लेवोनोइड्स की विविधता बढ़ाने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग (सीवीडी), कैंसर और तंत्रिका संबंधी रोग जैसी स्वास्थ्य स्थितियों के विकास को रोकने में मदद मिल सकती है।

**अध्ययन के मुख्य निष्कर्ष**

**मृत्यु दर में कमी:** लगभग दो कप चाय के बराबर 500 मिलीग्राम फ्लेवोनॉयड का दैनिक सेवन सभी कारणों से होने वाली मृत्यु दर के 16% कम जोखिम से जुड़ा था।

**हृदय स्वास्थ्य:** फ्लेवोनॉयड के सेवन से हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह और श्वसन रोग का जोखिम 10% कम हो गया।

विविधता मायने रखती है: एक ही स्रोत पर निर्भर रहने के बजाय, विभिन्न प्रकार के फ्लेवोनॉयड युक्त खाद्य पदार्थ खाने से स्वास्थ्य लाभ अधिक हो सकते हैं।

**फ्लेवोनोइड्स से भरपूर खाद्य पदार्थ**

**चाय:** विशेष रूप से काली चाय स्वस्थ उम्र बढ़ने को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है।

**जामुन:** ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और अन्य जामुन फ्लेवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। **डार्क चॉकलेट:** डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनोइड्स होते हैं, जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

**सेब:** सेब फ्लेवोनोइड्स और फाइबर का एक अच्छा स्रोत हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## स्वास्थ्य से संबंधित सभी सुविधाएं मिले : विधायक



**साहिबगंज/मंडरो:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरो में इमरजेंसी सेवा बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तीन बजे गेट में ताला बंद पड़ा मिला था। जिसका खबर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था। खबर का संज्ञान लेकर शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे बोरियो विधायक निरीक्षण क्रम में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बोरियों विधायक धनंजय सोरेन ने स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए। ओपीडी सेवाओं, भर्ती की सुविधा, प्रसव कक्ष, एक्स-रे मशीन, प्रयोगशाला, रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। रोगी को मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। स्वास्थ्य केंद्र में रिकार्ड के रजिस्टर चेक किये। स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा स्वास्थ्य से संबंधित सभी सुविधाएं दीए जाना चाहिए मौके पर डीआर नित्यानंद सिंह अन्य स्वास्थ्य कर्मी जिला अध्यक्ष अरुण सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ.बबलू मिश्रा, बीडीओ मेघनाथ उरांव , प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## बाबा बासुकीनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**बासुकीनाथ :** शुक्रवार के दिन निर्जला एकादशी को लेकर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कराने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी । भागलपुर,गोड्डा,मुंगेर से आये दर्जनों श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर परिसर में विधि विधान से अपने अपने बच्चों का यज्ञोपवित संस्कार कराया । पूजा -अर्चना को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं की कतार मंदिर परिसर में दिन भर लगी रही । कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रातः चार बजे से संध्या साढ़े पांच बजे तक श्रद्धालुओं ने सुलभ तरीके से गर्भगृह में प्रवेश कर बाबा फौजदारी को जलार्पण किया । बीच बीच में कथित दर्जनों वी आई पी भी कतार रोककर पूजा अर्चना करने में सफल रहे । दिन में चार बजे के बाद डायरेक्ट श्रृंगार पूजा के कारण कतार में जलार्पण करने के लगे श्रद्धालुओं को बहुत देर तक खड़ा रहना पड़ा । विश्राम पूजा तक लगभग 40000 आगंतुक श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना किया ।

## उपायुक्त ने किया श्री अमड़ा स्थित नेत्रहीन विद्यालय एवं बाल गृह का निरीक्षण



दुमका : जिले केउपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने शुक्रवार को श्री अमड़ा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित बच्चों से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने निदेश दिया कि सभी दृष्टिबाधित बच्चों के नेत्रों की चिकित्सीय जांच कराई जाए। यदि किसी भी बच्चे की आंखों की रोशनी लौटने की संभावना हो, तो उनके परिजनों की सहमति लेकर आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अध्ययन-अध्यापन में ब्रेल लिपि आधारित नवीन तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए तथा विद्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं के होस्टल का भी निरीक्षण किया तथा एक अतिरिक्त कमरे की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन बच्चों के लिए उपयुक्त सिलेबस तैयार कर पठन-पाठन की प्रक्रिया उसी अनुरूप संचालित की जाए। इस हेतु आवश्यक पुस्तकों एवं शिक्षण सामग्रियों की व्यवस्था का समस्त व्यय जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने सिविल सर्जन के सहयोग से सभी बच्चों का यूडीआईडी (वउक्कऊ) नंबर शीघ्र जनरेट कराने का निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिया। साथ ही, छात्रावास में पर्याप्त रोशनी, पंखा, पर्दा आदि की व्यवस्थ सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दृष्टिबाधित बच्चों को कौशल विकास प्रशिक्षण से भी जोड़ा जाए ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने अनाथ बच्चों के लिए संचालित बाल गृह (बालक) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन में पोषण गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने तथा छात्रावास में रोशनी एवं पंखों की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

## बजरंग बली मंदिर निर्माण का हुआ भूमि पूजन

**हैदरनगर :** प्रखंड के बिलासपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम लपेया स्थित देवी धाम के प्रांगण में भव्य बजरंग बली की मंदिर निर्माण कराने को लेकर शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान सपत्निक सरयू सिंह व धर्मपत्नी सीता देवी ने पूजा अर्चना कर इस अनुष्ठान को पूरा किया। बेदौलिया के पुरोहित परम पूज्य जितेन्द्र पाठक, आदित्य पाठक, ददन तिवारी के सानिध्य में अनुष्ठान में उन्होंने कहा कि संकटमोचन मारुति सभी क्षेत्रवासियों को ऋणात्मक शक्तियों से दूर कर सुख समृद्धि स्थापित करेंगे। मौके देवी धाम समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, सचिव अरविन्द सिंह, प्रखर समाजसेवी श्रवण सिंह, सड़ेया राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष नागेश्वर प्रजापति, आरएसएस पलामू विभाग सेवा प्रमुख के देवदत्त सिंह, खंड व्यवस्था प्रमुख शिव कुमार, आचार्य राजकुमार सिंह व आचार्य जयनारायण सिंह, धर्मप्रेमी जगन्नाथ सिंह, मुकेश सिंह, उत्तम सिंह (संटू), दीपक सिंह, इंदल ठाकुर, ऋतिक सिंह, बबलू सिंह, चंदन सिंह, संजय सिंह आदि शामिल हैं।

# मूल उद्देश्य हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की उस अद्भुत परीक्षा को याद करना है : मुमताज नोमानी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** इस्लाम के पवित्र महीने जिल्हिज्जा में दसवीं तारीख को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा, जिसे कुबार्नी की ईद भी कहा जाता है।इसका विशेष महत्व है। इस पर्व को लेकर साहिबगंज स्थित ईदगाह में नवाज शनिवार को आदा करते हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय। इस पर्व का मूल उद्देश्य हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की उस अद्भुत परीक्षा को याद करना है।जब अल्लाह ने उन्हें अपने प्रिय बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुबार्नी के लिए आज्ञा दी थी। जब इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अपने बेटे की कुबार्नी के लिए तैयारी की तो अल्लाह ने उनकी ईमानदारी और त्याग को देखते हुए बेटे की जगह एक दुम्बा भेड़ को कुर्बान करने का आदेश दिया। तब से इस पर्व को हर वर्ष मनाया जाने लगा।

इस संबंध में मौलाना मुमताज नोमानी ने बताया कि जब कुबार्नी तकवा के साथ अदा की जाती है तभी अल्लाह उसे स्वीकार करते हैं। कुबार्नी का उद्देश्य केवल खून और गोश्त अदा करने का नहीं है।बल्कि यह ईमानदारी और अल्लाह के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं। वे तीनों दिन बकरों की कुबार्नी करते हैं। मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लिए यह पर्व धूमधाम से मनाने का एक अवसर होता है। जो आपको परिवार और दोस्तों के साथ एकजुट करने का भी शुभ अवसर प्रदान करता है।

क्या है कुबार्नी के नियम

जिनका धन और संपत्ति का पूरा माप साहेबे नेशाब में आता है।उनके लिए कुबार्नी अति आवश्यक है। जो कि साढ़े सात तोला सोना या साढ़े बावन तोला चांदी की श्रेणी में आता है।यदि पति और पत्नी दोनों इस श्रेणी में आते हैं।तो उन दोनों पर कुबार्नी वाजिब होती है। वहीं अगर माता-पिता साहेबे नेशाब नहीं हैं। तो उन पर कुबार्नी का नियम लागू नहीं होता।कुबार्नी सबसे पहले जीवित व्यक्ति के नाम से की जाती है।और उसके बाद मरे हुए परिजनों के नाम से होती है।

# विधायक ने दिव्यांग किट का किया वितरण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड सभागार में सामाजिक अधिकारिता शिविर में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक को भारत सरकार की एडीपी और राष्ट्रीय व्यवसाय योजना के अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया गया मुख्य अतिथि बोरियों विधायक धनंजय सोरेन शुभारंभ किया ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरुण सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा उर्फ. बब्लू मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष सुबोध सोरेन बीडीओ मेघनाथ उरांव सीडीपीओ सुपरवाइजर बॉबी देवी आदि लोग मौजूद थे।दिव्यांगजनों के बीच ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कमर में बांधने वाला बेल्ट, घुटने का कैप, रोलेटर यंत्र उपकरण वितरित किये गए हैं। विधायक ने बताया कि ये यंत्र दिव्यांगजनों को उनकी स्वतंत्र कार्यप्रणाली में सुधार लाने और उनकी विकलांगता की सीमा को कम करने में मदद करेगा. दर्जनों दिव्यांगजनों को बहुत अच्छे और उपयोगी दिव्यांग यंत्र दिए गए। मौके पर लड्डू सिंह, जलेबी सिंह, महफूज आलम प्रखंड कर्मी आदि झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंटर कॉलेज की विधि व्यवस्था हो दुरुस्त शासी निकाय के नाम लीपापोती बर्दाश्त नहीं : विधायक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राजमहल बाबूलाल नंदलाल बोहरा इंटर महाविद्यालय में शुक्रवार को दिन के 11:00 बजे से शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई थी।क्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा बैठक में भाग लेने के लिए समय से इंटर कॉलेज पहुंच गए।लेकिन प्राचार्य सहित शासी निकाय के अन्य सदस्य नहीं पहुंचे थे।प्राचार्य उपस्थित नहीं रहने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक आयोजित कर इस तरह से अनुपस्थित रहना शासी निकाय की बैठक के नाम पर लिपापोती जैसा साबित हो रहा है। जो बर्दाश्त नहीं है।उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता किए और वस्तु स्थिति से अवगत कराएं. लगभग आधे घंटे बाद प्राचार्य व शिक्षक प्रतिनिधि की उपस्थिति होने पर अगली तिथि में बैठक करने का प्रस्ताव लिया गया.विधायक ने कहा कि राजमहल-उधवा प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर महाविद्यालय की पठन-पाठन व्यवस्था दुरुस्त होना अति आवश्यक है।उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक प्रतिनिधि एवं मौजूद कर्मियों से वार्ता कर इंटर कॉलेज के आवश्यकता एवं समस्या से भी अवगत हुए।उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं कर्मी अपने कार्य को ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करें. सरकार के माध्यम से जो भी सहयोग होगी हर संभव कराने का प्रयास किया जाएगा परिसर की भी साफ सफाई रखने का दिशा निर्देश दिए।मौके पर प्राचार्य इकरामुल हक व शिक्षक प्रतिनिधि अनिल सिंह मौजूद थे।उपरांत बीएलएनएल बोहरा डिग्री कॉलेज का भी निरीक्षण विधायक ने किया.प्राचार्य प्रो हरिशंकर सिंह से छात्रों के पठन-पाठन एवं कॉलेज की विधि व्यवस्था से अवगत हुए।डिग्री कॉलेज में भी छात्रों के पठन पाठन एवं विधि व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं होने की बात कहें।

# आपूर्ति विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न



**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राशन आपूर्ति श्रृंखला, ई-केवाईसी, डीलर प्रबंधन तथा विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने कहा कि सभी लाभुकों को ई-पॉश मशीन के माध्यम से ही राशन का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने शत-प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने का निदेश दिया। जानकारी दी गई कि अब तक 73.15% लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक कोऑपरेटिव ऑफिसर सप्ताह में कम से कम तीन पीडीएस दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। नए गोदाम निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाएँ शीघ्र पूरी करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में लाभुकों को कम राशन नहीं मिले और वितरण कार्य समयबद्ध रूप से संपन्न हो। उन्होंने सभी प्रखंडों में डीलरों के साथ नियमित बैठक करने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश देने का भी निर्देश दिया।

बैठक के दौरान सभी प्रखंडों में अयोग्य लाभुकों की पहचान कर उनका नाम राशन कार्ड से हटाने की कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही हरा राशन कार्डधारकों के बीच राशन वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा भी की गई।

डाकिया योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राशन की सही मात्रा लाभुकों के घर तक पहुँचे यह सुनिश्चित किया जाए। बताया गया कि चावल की पैकेजिंग का कार्य जेएसएलपीएस के माध्यम से कराया जा रहा है।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। साथ ही धोती-साड़ी योजना सहित विभागीय अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए लक्ष्यानुसार कार्य करने पर बल दिया।

बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रखंड के गोदामों का निरीक्षण नियमित रूप से करें।

## प्रखंड समन्वयकों की संविदा नवीकरण पर हुआ निर्णय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय कक्ष में जिला स्थापना समिति पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत राज स्वशासन परिषद अन्तर्गत संविदा पर कार्यरत प्रखंड समन्वयकों की सेवा अवधि नवीकरण को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में गठित समिति द्वारा जिले के 05 प्रखंडों के समन्वयकों के कार्यों की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारियों 14वें एवं 15वें वित्त आयोग तथा अन्य योजनाओं में संबंधित समन्वयकों के कार्यों का मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सभी 05 प्रखंड समन्वयकों के कार्यों को संतोषजनक पाया गया है।जिस पर समिति ने उनकी संविदा अवधि के विस्तार की अनुशंसा की।उपायुक्त हेमंत सती ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समन्वयकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में समन्वयकों की भूमिका अहम है, ऐसे में उनकी सतत निगरानी और मूल्यांकन आवश्यक है।

बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जिसे सामूहिक प्रयास से समाप्त किया जा सकता है : अखिल कुमार




**मेट्रो रेज संवाददाता**


**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित लोक अदालत कक्ष में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की आशा योजना के तहत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है।जिसे सामूहिक प्रयास से समाप्त किया जा सकता है।मल्टी-सेक्टोरल अप्रोच के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों को एक मंच पर आने की आवश्यकता पर बल दिया गया।प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण,पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े लोग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य एकजुट होकर इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।उनके रोजगार के अवसर समाप्त हो जाते हैं।वे मानसिक रूप से दुर्बल हो जाती हैं तथा उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।बाल विवाह एक सामाजिक पाप है।जो हमारी भावी पीढ़ियों की नींव को कमजोर करता है।आज भी अनेक लोग बाल विवाह को परंपरा संस्कार अथवा सामाजिक जिम्मेदारी समझते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि यह एक कुप्रथा है।यह एक ऐसा घाव है,जो बच्चों के जीवन को अधूरा बना देता है। भारतीय कानून के अनुसार,लड़कियों के लिए न्यूनतम वैवाहिक आयु 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है।यदि कोई इससे पूर्व विवाह करता है तो वह न केवल कानून का उल्लंघन करता है,बल्कि एक नाबालिग का भविष्य और उसके सपनों को भी तोड़ता है।न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं है।प्रत्येक माता-पिता और हर जागरूक नागरिक को यह समझना होगा कि बाल विवाह को रोकना केवल एक कानूनी नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है।हमें लड़कियों को बोझ नहींबल्कि महत्त्वाकांक्षी,आत्मनिर्भर और संघर्षशील बनाना होगा।स्वावलंबन और आत्मसम्मान के साथ ही समाज की बेटियाँ आगे बढ़ सकती हैं।अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया है।इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वनाथ भगत,सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष सुभान,जिला बाल कल्याण पदाधिकारी पूनम कुमारी,लीगल एड डिफेंस काउंसिल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



# प्रभास की फिल्म छोड़ दीपिका ने थामा साउथ स्टार का दामन

### आठ घंटे ही एक दिन में करेंगी काम

हीरोइन नंबर वन दीपिका पादुकोण की निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से खटक गई है। वह अब उनकी फिल्म 'स्पिरिट' में शायद ही काम करें क्योंकि दीपिका के अब एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने के नए नियम से संदीप खुश नहीं थे। 'स्पिरिट' की डेट्स दीपिका ने फिल्म 'जवान' के अपने निर्देशक एटली की झोली में डाल दी हैं, जो जल्द ही अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ एक मेगा बजट फिल्म करने जा रही हैं। फिल्म 'एनिमल' के बाद इसके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा अब तक दूसरी फिल्म शुरू नहीं कर पाए हैं। लोगों को इसकी सीक्वल 'एनिमल पार्क' का बेसब्री से इंतजार है लेकिन उससे पहले संदीप का वादा प्रभास के साथ फिल्म 'स्पिरिट' पूरी करने का है। इस फिल्म की शूटिंग बीते साल ही शुरू हो जानी थी, लेकिन दीपिका के मां बनने की खबरें आने के बाद संदीप ने इस फिल्म की शूटिंग आगे के लिए टाल दी। अब दीपिका के मां बनने के बाद जो पहली फिल्म शुरू होनी थी, उसमें सबसे पहले 'स्पिरिट' का ही नंबर था। फिल्म के निर्माता इस फिल्म के लिए दीपिका को 20 करोड़ रुपये देने की बात भी मांग गए थे, लेकिन चूंकि संदीप रेड्डी वंगा का काम करने का स्टाइल अलग है तो दीपिका पहले से ही कुछ बातें लिखित में चाह रही थीं। जानकारी के मुताबिक दीपिका ने एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने की शर्त रखी और ये भी कि वह तेलुगु में अपनी डबिंग नहीं करेंगी।



# अभिषेक बच्चन की कल्ट क्लासिक युवा के 21 साल किए पूरे

मणिरत्नम की फिल्म युवा, एक ऐसी फिल्म जिसने भारतीय सिनेमा में युवाओं, राजनीति और सत्ता की परिभाषा को बदल दिया, आज अपने 21 शानदार साल पूरे कर रही है। 2004 में रिलीज़ हुई यह फिल्म अभिषेक बच्चन के करियर का एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। फिल्म में उनके किरदार लल्लन सिंह को जबरदस्त सराहना मिली और इसी भूमिका के लिए उन्हें पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर भी मिला। रग्ड, रॉ और रिवेटिंग - लल्लन सिंह सिर्फ एक किरदार नहीं था, वह एक सांस्कृतिक क्षण बन गया। 'युवा' के साथ अभिषेक ने अपने ऊपर लगे अपेक्षाओं के बोझ को उतारा और अपनी एक अलग पहचान बनाई। यह फिल्म उनके करियर की आधारशिला बनी हुई है और उनका यह परफॉर्मेंस आज भी फैंस के बीच बेहद लोकप्रिय है। अभिषेक बच्चन भारतीय सिनेमा के सबसे स्थिर और भरोसेमंद कलाकारों में गिने जाते हैं – मनमर्ज़ियां, लूडो, बॉब बिस्वास, दसवीं (जो नेटफ्लिक्स पर ष्1 रही), बी हैप्पी (जो ऐमज़ॉन प्राइम वीडियो पर ष्1 ट्रेंड में रही), और आई वांट टू टॉक जैसी सफल और सराही गई फिल्मों के साथ

### ठग लाइफ की शुगर बेबी गाना रिलीज

# त्रिशा ने दी बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस



**आगामी** फिल्म 'ठग लाइफ' का दूसरा गाना 'शुगर बेबी' बुधवार को रिलीज हो गया। इस गाने को ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है और इसमें अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन ने शानदार डांस परफॉर्मेंस दी है, जिसे देखकर आप अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे। यह गाना रिदम और एटिट्यूड का एक हाई-वोल्टेज कॉकटेल है, और इसमें धमाकेदार बीट्स और चंचल स्वर की परतें हैं, जो ठग लाइफ के साउंडस्केप के द्वंद्व को उजागर करती हैं - विद्रोह और मौज-मस्ती। त्रिशा ने अपने मूव्स और अनफिल्टर्ड कॉन्फिडेंस से स्क्रीन पर चार चांद लगा दिए हैं, और एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह भारतीय सिनेमा में एक पावरहाउस क्यों हैं। यह गाना फिल्म के वेडिंग एंथम जिंगुचा के रिलीज के बाद आया है। यह गाना तमिल और हिंदी में रिलीज किया गया है।

तमिल वर्जन में एलेक्जेंड्रा जॉय, शुबा और सरथ संतोष की आवाजें हैं, जबकि हिंदी वर्जन में निकिता गांधी, शुबा और शाश्वत सिंह एक साथ हैं, जो पहले से ही आकर्षक ट्रैक में एक कॉस्मोपॉलिटन ऊर्जा जोड़ते हैं। ठग लाइफ में भारतीय सिनेमा के दिग्गज कमल हासन हैं, और यह लगभग चार दशकों बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लेखक मणिरत्नम के साथ उनका दूसरा सहयोग है। दोनों ने आखिरी बार नायकन में साथ काम किया था। यह मणिरत्नम और उनके रचनात्मक हमसफर ए.आर. रहमान के बीच एक और सहयोग को भी दर्शाता है। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर. महेंद्रन और शिवा अनंत द्वारा निर्मित, ठग लाइफ में सिलंबरासन टीआर, त्रिशा कृष्णन, अशोक सेल्वन, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जोजू जॉर्ज, अली फ़ज़ल, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ जैसे कलाकार भी हैं। मणिरत्नम के निर्देशन और ए.आर. रहमान के संगीत के साथ, ठग लाइफ 5 जून, 2025 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

# श्रद्धा कपूर ने ठुकराई एकता कपूर की थ्रिलर फिल्म



फिल्म स्त्री 2 की सक्सेस के बाद एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की डिमांड बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस बहुत ही सोच समझकर फिल्में साइन कर रही हैं। इसी बीच खबर आ रही हैं कि उन्होंने एकता कपूर की फिल्म का ऑफर ठुकरा दिया है। इस खबर पर चुप्पी तोड़ते हुए फिल्म के डायरेक्टर राही अनिल बर्वे ने इसे महज एक अफवाह बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एकता कपूर की फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर ने 17 करोड़ रुपए की डिमांड की थी। एकता कपूर को यह रकम बहुत ज्यादा लगी। उनके मुताबिक एक फीमेल लीड के लिए इतनी बड़ी अमाउंट देना सही नहीं है। इससे फिल्म की बजट पर असर पड़ सकता है। श्रद्धा कपूर कपूर को यह बात नागवार गुजरी इसलिए उन्होंने एकता की फिल्म छोड़ दी है। ऐसी चर्चा की प्रोडक्शन टीम ने नए लीड एक्ट्रेस की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक फिल्म के लिए कई टॉप एक्ट्रेस से बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि श्रद्धा कपूर ने 'स्त्री 2' के हिट होने के बाद अपनी फीस बढ़ा दी है। इसी के चलते उन्होंने एकता कपूर की बड़े बजट की थ्रिलर फिल्म से कदम पीछे खींच लिए हैं। इस फिल्म को तुम्बाड फेम डायरेक्टर राही अनिल बर्वे डायरेक्ट करने वाले थे। डायरेक्टर ने श्रद्धा कपूर के फिल्म छोड़े जाने वाली बात को महज एक अफवाह बताया है। उन्होंने इस बात का खुलासा बातचीत के दौरान किया है। डायरेक्टर के मुताबिक इस समय वो वेब सीरीज रक्त ब्रह्मांड पर काम कर रहे हैं। इसके बाद एकता कपूर की फिल्म करेंगे। वहीं श्रद्धा कपूर को लेकर खबर है कि वो दिनेश विजान, बोनी कपूर और भूषण कुमार जैसे प्रोड्यूसर्स के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर बात कर रही हैं।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक के लिए एंट्री लिस्ट घोषित

# जापान के डीन की जगह चेक गणराज्य के कोनेक्नी शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** चेक गणराज्य के मार्टिन कोनेक्नी ने जापान के एशियन गेम्स कांस्य पदक विजेता गेन्की डीन की जगह ली है, आयोजकों ने शुक्रवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों की अंतिम एंट्री लिस्ट की पुष्टि कर दी है। यह भारत में पहली बार आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता है, जिसे मूल रूप से 24 मई को पंचकूला में होना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।

**5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होगा आयोजन**



**चोपड़ा का लक्ष्य :** भारत को बनाना है एथलेटिक्स का मेजबान हब : नीरज चोपड़ा का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से भारत को विश्व स्तरीय एथलेटिक्स आयोजनों का भरोसेमंद मेजबान बनाना है। यह प्रतियोगिता इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

#### ओलंपिक मेडलिस्ट चोपड़ा की खास पहल

इस प्रतिष्ठित आयोजन को दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और खरह स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की मान्यता प्राप्त है। चोपड़ा की यह ड्रीम प्रोजेक्ट मानी जा रही प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स द्वारा कैटेगरी-ए का दर्जा प्राप्त कर चुकी है।

#### दिग्गज अंतरराष्ट्रीय नाम होंगे शामिल

मार्टिन कोनेक्नी के अलावा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, 2016 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता थॉमस रोहलर (जर्मनी), 2015 विश्व विजेता जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), लुइज मौरिसियो दा सिल्वा (ब्राजील) और श्रीलंका के रुमेश पथिरागे जैसे दिग्गज शामिल होंगे।

#### भारतीय दल में होंगे 5 स्टार एथलीट्स

नीरज चोपड़ा के साथ भारतीय दल में एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।

#### बदला वेन्यू, अब बेंगलुरु में होगा आयोजन

पहले यह प्रतियोगिता पंचकूला में होनी थी, लेकिन लाइव टेलीकास्ट में रौशनी की समस्या के चलते अब इसे बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में 5 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

#### टिकट की कीमत और प्रीमियम अनुभव

आयोजकों के मुताबिक, टिकट की कीमतें 199 से 9,999 तक होंगी। 15 लोगों की क्षमता वाले कॉरपोरेट बॉक्स की कीमत 44,999 रखी गई है। थ्रोअर्स रनवे के पास विशेष स्टैंड 9,999 में और नॉर्थ अपर स्टैंड में रनवे के ठीक पीछे स्थित प्रीमियम सेक्शन 2,999 में उपलब्ध होगा।

# केएल राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लगाया शतक, जुरेल का लगातार तीसरा अर्धशतक

एजेंसी

**लंदन।** लंबे समय बाद लाल गेंद से क्रिकेट में लौटे केएल राहुल ने शानदार शतक लगाते हुए अपने फॉर्म का दमदार बयान दिया। इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को राहुल ने 116 रनों की लाजवाब पारी खेली, जिससे इंडिया ए ने 319/7 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बारिश से प्रभावित दिन में राहुल और ध्रुव जुरेल की शतकीय साझेदारी टीम के लिए बड़ी ताकत बनी।

## राहुल ने दिखाया क्लास, नहीं थे शुरूआती टीम में

केएल राहुल को शुरू में इस मुकाबले के लिए चुना नहीं गया था, लेकिन आईपीएल खत्म होने के बाद उन्होंने खुद को उपलब्ध कराया और पहले ही दिन शतक जड़कर चयनकताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने करुण नायर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी की और फिर जुरेल के साथ मिलकर टीम को संकट से उबारा।

#### वोक्स ने तोड़ी शुरूआती कमर

इंग्लैंड लॉयंस के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (17) और अभिमन्यु ईश्वरन को जल्दी पवेलियन भेजकर भारत की शुरूआत बिगाड़ दी। लेकिन इसके बाद राहुल और करुण नायर (40 रन) ने पारी को संभाला।

ध्रुव जुरेल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले अनौपचारिक टेस्ट में 94 और नाबाद 53 रन बनाने वाले जुरेल ने यहां 52 रनों की अहम पारी खेली। राहुल के साथ उनकी शतकीय साझेदारी ने इंडिया ए को मजबूत स्थिति में ला दिया।

#### अंत में हिल ने दिलाई इंग्लैंड को वापसी

दिन के आखिरी सत्र में जॉर्ज हिल ने दोनों सेट बल्लेबाजों – राहुल और जुरेल – को नौ गेंदों के अंदर पवेलियन भेजा जिससे इंग्लैंड लॉयंस ने थोड़ी वापसी की। इसके बाद नितीश रेड्डी और शार्दुल ठाकुर ने दिन का खेल खत्म होने तक संयम से बल्लेबाजी की, हालांकि बारिश की रुक-रुक कर बाधा बनी रही। संक्षिप्त स्कोर : इंडिया ए 319/7 (केएल राहुल 116, ध्रुव जुरेल 52; क्रिस वोक्स 3/50) बनाम इंग्लैंड लॉयंस



# मुख्यमंत्री जबलपुर के प्रवास पर कुंडम वासियों को देंगे दो बड़ी सौगातें

## 18.61 करोड़ रुपये से निर्मित सांदीपनि विद्यालय और 12.63 करोड़ रुपये से बने आईटीआई भवन का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

**जबलपुर :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज (शनिवार को) जबलपुर जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे यहां अनुसूचित बाहुल्य इस क्षेत्र कुंडम को दो बड़ी सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव यहाँ कुंडम के समीप ग्राम छपरा में आयोजित समारोह में 18 करोड़ 41 लाख रुपये से बने सांदीपनि विद्यालय भवन तथा 12 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से निर्मित शासकीय आईटीआई भवन का लोकार्पण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी आनंद जैन ने बताया कि कुंडम एवं इसके आसपास के क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सांदीपनि विद्यालय के लिये




12.62 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 9 हजार 533 वर्गमीटर भूमि पर विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है। अत्याधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त सांदीपनि विद्यालय के भूतल सहित तीन मंजिला भवन में 34 क्लास रूम बनाये गये हैं। यहॉं कक्षा छठवीं से बारहवीं तक एक हजार 170 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन में मिड डे मील हॉल और मल्टीपर्पज हॉल के साथ ही भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालायें तथा कम्प्यूटर लैब भी बनाई गई है। बच्चों को खेल की सुविधाएं उपलब्ध कराने बॉलीबाल कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट और खो-खो का कोर्ट विद्यालय परिसर में बनाया है। इन्डोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी यहाँ किया गया है। फायर फाइटिंग सिस्टम से युक्त सांदीपनि विद्यालय कुंडम के भवन का निर्माण मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा किया गया है। बच्चों के कौशल विकास के लिये संगीत एवं गायन कक्ष के साथ सांदीपनि विद्यालय में 300 विद्यार्थियों की क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव सांदीपनि विद्यालय के साथ ही शासकीय आई टी आई कुंडम का लोकार्पण भी करेंगे। शासकीय आईटीआई कुंडम के भवन के लिये तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग द्वारा स्वीकृत 12 करोड़ 63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इसका निर्माण पीआईयू द्वारा किया गया है। शासकीय आईटीआई कुंडम में 6 ट्रेड का मुख्य भवन, 60-60 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास, एक एफ टाइप क्वार्टर, आठ एच टाइप क्वार्टर एवं चार आई टाइप क्वार्टर का निर्माण किया गया है। शासकीय आईटीआई कुंडम में इस वर्ष से 03 नए ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, सोलर टेक्नीशियन तथा कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट प्रारंभ किए जाएंगे।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री आज सीहोर में 100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

एजेंसी

**सीहोर :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज (शनिवार को) मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे सीहोर में स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही वे विभिन्न योजनाओं के अनेक हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। सीहोर कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 1:20 बजे सीहोर पहुंचेंगे और यहां प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ



एक्सीलेंस में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान दोपहर 02:30 बजे इछावर के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 03 बजे इछावर स्थित दशहरा मैदान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री शाम 05 बजे इछावर से प्रस्थान कर भाउखेड़ी पहुंचेगे और कृषि चौपाल में शामिल होंगे। इसके पश्चात केंद्रीय कृषि मंत्री शाम 05:20 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवभोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12:50 बजे सीहोर पहुंचेंगे और सीहोर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 02:30 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अनाथ बच्चों की दुर्दशा पर पूर्व सीएम ने जताई चिंता, सरकार को घेरा

एजेंसी

**जयपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अनाथ बच्चों की हालत को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार जरूरतमंद अनाथ बच्चों को सामाजिक सुरक्षा नहीं दे पा रही है, जिसके कारण मासूम बच्चे सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर हैं। गहलोत ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सरकार की ज्यादातर योजनाएं सिर्फ कागजों में ही रह गई हैं। जमीनी स्तर पर इनका लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा है। गहलोत ने अपनी सरकार के दौरान शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि



कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों के लिए 'मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना' शुरू की गई थी। इसके तहत प्रत्येक अनाथ बच्चे को एक लाख रुपये की एकमुश्त सहायता, 18 वर्ष की उम्र तक हर माह 2500 रुपये और सालाना 2000 रुपये देने का प्रावधान था। इसके अलावा, ह्यपालनहार योजनाह्न के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को 500 रुपये प्रतिमाह और स्कूल में प्रवेश के बाद 18 साल की उम्र तक 1000 रुपये प्रतिमाह देने की व्यवस्था की गई थी। गहलोत ने कहा कि इन योजनाओं से हजारों अनाथ बच्चों को राहत मिली थी। गहलोत ने सरकार से पूछा कि जब योजनाएं बनी हुई हैं, तो फिर इन मासूम बच्चों को क्यों भीख मांगनी पड़ रही है? उन्होंने कहा कि यह सरकार की असंवेदनशीलता और प्रशासन की लापरवाही को दशार्ता है।

# हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिन मौसम रहेगा शुष्क, 12 जून से बारिश के आसार

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा, जिससे तापमान में उछाल आएगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा शनिवार को जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में सात जून से 11 जून तक बारिश की कोई संभावना नहीं है, जबकि 12 और 13 जून को कुछ क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा हो सकती है। इससे पहले राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटों में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस ऊपर रिकॉर्ड किया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर यह सामान्य रहा। इसी तरह अधिकतम तापमान में भी कई जगहों पर वृद्धि देखी गई है वहीं कुछ स्थानों पर यह सामान्य या थोड़ा नीचे रहा।



शनिवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में 4.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहाड़ी क्षेत्रों में रात के समय की ठंड को दशार्ता है। शिमला में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री, मनाली में 13.7 डिग्री, कल्पा में 10.6 डिग्री, केलंग में 7.3 डिग्री, कुकुमसेरी में 8.3 डिग्री, सियोबाग में 13.5 डिग्री, भरमौर में 15 डिग्री, कसौली में 19.4 डिग्री, सराहन में 12.5 डिग्री, धर्मशाला में 12.6 डिग्री और सोलन में 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किये गया। राज्य में बीते 24 घंटों में केवल दो स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। बिलासपुर में 2.0 मिमी और सिरमौर जिला के धौलाकुआं में 1.0 मिमी वर्षा हुई। इसके अलावा अन्य किसी भी क्षेत्र से वर्षा की सूचना नहीं मिली है। बर्फबारी, ओलावृष्टि और गरज-चमक की घटनाएं भी नहीं हुई हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में तेज हवाएं भी दर्ज की गईं। ताबो में 44 किमी प्रति घंटे और सियोबाग में 39 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार सात जून से 11 जून तक प्रदेश में मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। इस दौरान किसी प्रकार की वर्षा, ओलावृष्टि या गरज-चमक की संभावना नहीं है। इसके बाद 12 और 13 जून को कुछेक स्थानों पर छिटपुट वर्षा हो सकती है। हालांकि यह वर्षा व्यापक नहीं होगी। इस अवधि के दौरान मौसम विभाग ने किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में शुष्क मौसम की वजह से तापमान में बढ़ोतरी से मैदानी क्षेत्रों मखासकर ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा जैसे जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर सकता है।

# अंतरराज्यीय अफीम तस्कर गिरोह के चार गिरफ्तार,अफीम की खेप बरामद



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले में ड्रग्स और मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान ढाका थाना पुलिस को शुक्रवार की देर रात बड़ी कामयाबी मिली है।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बाबा मस्तराम कॉलेज के समीप से कार सवार चार अंतराज्यीय अफीम तस्करों को 1073 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्करों में छपरा के नंदलाल कुमार, बड़हरवा लखनसेन के उमेश महतो, बेलाही के विवेक कुमार और बंजरिया थाना के दारोगा टोला निवासी महेंद्र साह शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ गिरफ्तार तस्करो ने बताया कि अफीम की खेप मणिपुर से ट्रेन से लायी गई थी।जिसकी डिलीवरी बंजरिया के दारोगा टोला में महेंद्र साह को देनी थी। तस्करो की निशानदेही पर पुलिस ने महेंद्र साह के घर पर छापेमारी कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू और पॉली बैग बरामद किया हैं। जांच में पता चला कि महेंद्र यह अफीम चिरैया के हरिनाथ राय और मुजफ्फरपुर के मोहम्मद साबिर को बेचता था।पुलिस इनके खुलासे के बाद इस अंतरराज्यीय गिरोह के ठिकानो पर छापेमारी में जुटी है।पुलिस के अनुसार इस गिरोह में शामिल अन्य लोगो की गिरफ्तारी के बाद बड़े खुलासे होंगे।

ग्रामीण महिलाएं बनी उद्यमी

# हिम इरा शॉप से आत्मनिर्भरता और संस्कृति का नया अध्याय

एजेंसी

**मंडी :** मंडी जिले की चुराग विकास खंड की ग्राम पंचायत सवा माहू के अंतर्गत दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग मंदिर के गांव की महिलाओं द्वारा दो वर्ष पूर्व शुरू हिम इरा शॉप आज आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है। जहां कभी वे केवल घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, वहीं इस शॉप के माध्यम से 100 से अधिक महिलाएं पारंपरिक शिल्प और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाकर सालाना एक निश्चित आय अर्जित कर रही हैं। माहूंनाग मंदिर के ठीक पास स्थित इस शॉप में 20 विभिन्न उत्पाद–बांस की



टोकरियाँ, ऊनी जैकेट, देशी घी, हल्दी, राजमाह, मोटे अनाज के बीज, हाथ से बनी सजावटी वस्तुएं, आचारझमसाले आदि उपलब्ध हैं। प्रतिमाह यहाँ 25-30 हजार रुपये का कारोबार होता है, जिससे पूरे समूह की सामूहिक आमदनी बढ़कर दो लाख रुपये के करीब पहुंच चुकी है। हिम इरा शॉप सिर्फ खरीद-फरोख्त का केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति का जीवंत मंच बन चुका है। हर सजीव कला-उत्पाद के साथ पर्यटक गाँव की लोककहानियों, रीतिझरिवाजों और हस्तशिल्प के पारंपरिक ज्ञान से रूबरू होते हैं, जो आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षण का काम करता है। आने वाले समय में हिम इरा समूह ऑनलाइन मार्केटप्लेस से भी जुड़ने के प्रयास कर रहा है। जिसके लिए समूह की महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण, पैकेजिंग और ब्रांडिंग इत्यादि का वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है, ताकि हिम इरा उत्पाद प्रदेश की सीमाओं से परे, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक भी पहुंच सकें। समूह की प्रधान का कहना है कि समूह भविष्य की योजना पर भी कार्य कर रहा हैं। महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग, उत्पादों को एकरूप लेबल और आकर्षक पैकेटिंग देना हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन विस्तार, ई-कॉमर्स पोर्टल पर स्टोर खोलना, सोशल मीडिया प्रचार और गांव में ही कारीगरों को नई तकनीक, डिजाइन एवं गुणवत्ता नियंत्रण की ट्रेनिंग देने आदि की योजना पर भी समूह कार्य कर रहा हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और बंगाल से आने वाले श्रद्धालु यहां के ऊनी जैकेट और हस्तनिर्मित उत्पादों को विशेष रूप से महत्व देते हैं। जिससे पता चलता है कि ग्रामीण शिल्प को सही मंच और गुणवत्ता मिले तो बड़े बाजारों में भी जमकर प्रतिस्पर्धा की जा सकती है। स्वयं सहायता समूह की सदस्य पवना ठाकुर का कहना है कि पहले हम घर की दहलीज भी नहीं पार करती थीं, आज खुद अपना उत्पाद बेचते हैं और स्वयं को सशक्त महसूस करते हैं। इससे हमें काफी अच्छा मुनाफा मिल रहा हैं। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने हमारे लिए आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खोले हैं। उसी प्रकार गंगा स्वयं सहायता समूह की प्रधान त्वारकू देवी का कहना है कि प्रारंभ में हमें उम्मीद भी नहीं थी कि हमारी मेहनत सफल होगी, लेकिन दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग के आशीर्वाद और कृपा दृष्टि से हम सभी महिलाएं सफल हो रही हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### शिमला में 21 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**शिमला :** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ शिमला पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना बालूगंज पुलिस ने स्पेशल सेल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर शोघी के समीप तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 21.07 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुआ है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई को शुक्रवार रात उस समय अंजाम दिया जब स्पेशल सेल व बालूगंज पुलिस की टीम हाईवे पर गश्त कर रही थी। मौके पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया और तलाशी के दौरान उनके पास से चिट्टा बरामद किया गया। इस पर थाना बालूगंज में एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 21 और 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक की पहचान अनुज कुमार दुग्गल निवासी गांव रावली पोस्ट वाकनाघाट तहसील कंडाघाट जिला सोलन के रूप में हुई है जिसकी उम्र 41 वर्ष है। अन्य दो आरोपी पंजाब के अमृतसर जिले से हैं। इनमें एक छोटू पाल सिंह (39) और तीसरा आरोपी अगंद सवरवाल (27) वर्ष है। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेशनकर रिमांड पर लिया जाएगा। इनसे यह पता लगाया जाएगा कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई और किसे सप्लाई की जानी थी। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं सक्रिय है।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**मीरजापुर :** अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर जीवनाथपुर रेलवे स्टेशन के बीच शुक्रवार रात एक हादसे में एक अज्ञात वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना खंभा संख्या 682/15 एवं 682/17 के बीच अप लाइन पर हुई। शनिवार सुबह रेलवे की ओर से आए मेमो के बाद नरायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 70 वर्ष है और वह केवल सफेद रंग की धोती पहने था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक देखने से अर्धविक्षिप्त प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास जारी है।

### गुवाहाटी के रूपनगर में भीषण भूस्खलन, एक व्यक्ति लापता

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी महानगर के रूपनगर इलाके में शनिवार तड़के एक भीषण भूस्खलन की घटना घटी, जिसमें पहाड़ी से विशालकाय चट्टानें और मलबा गिरने से दो मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस हादसे में मनेश्वर राजवंशी नामक एक व्यक्ति मलबे के नीचे दब गया है और अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटनास्थल पर एसडीआरएफ, असम पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। आपातकालीन सेवा के अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों को पहाड़ी क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है और इलाके में हाई अलर्ट घोषित किया गया है।

### ईदगाहों में अकीदत और भाईचारे के साथ हुई नमाज अदा

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर स्थित आमबगान ईदगाह मैदान, धाकडीह, आजाद नगर सहित अन्य ईदगाहों में शनिवार को ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। विभिन्न ईदगाहों में सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह की इबादत में हाथ उठाए और नमाज अदा की। जगह कम पड़ने पर लोगों ने सड़क को भी उपयोग में लाया। मौलानाओं ने अकीदत और भाईचारे के साथ नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और समाज में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। ईदगाह परिसर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशियां झलक रही थीं। सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। ईद उल अजहा मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह हजरत इब्राहिम (अलै.) की उस कुबार्नी की याद में मनाया जाता है, जब उन्होंने अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे को कुर्बान करने का इरादा किया। इसी याद में मुस्लिम समुदाय कुबार्नी देते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। यह पर्व समाज में एकता, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को मजबूती प्रदान करता है।

### स्वर्ण व्यवसायी से लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा,तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित बैरिया देवी माई स्थान के समीप मोतिहारी शहर के मिस्कॉट मुहल्ला निवासी स्वर्ण व्यवसायी मुन्ना कुमार से 22 लाख रुपए लूट मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।पुलिस ने लूट की घटना का मास्टरमाइंड व्यवसायी के एक कर्मी सहित तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया है,जबकि अन्य तीन की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पकड़े गए बदमाशों में बंजरिया थाना क्षेत्र निवासी स्वर्ण व्यवसायी का कर्मी चेतन कुमार, अजगरी निवासी संतोष कुमार व सिसवा पश्चिमी निवासी चंदन कुमार शामिल है,जबकि घटना में शामिल फरार अन्य तीन अजगरी शनिचरा स्थान निवासी जीत कुमार, सिसवा निवासी राजा प्रसाद व गुड्डू सहनी के विरूद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास घटना में प्रयुक्त एक अपाची बाइक,तीन मोबाइल व एक चाकू बरामद किया है।

### एलन मस्क को व्हाइट हाउस से प्यार, बना सकते हैं नई राजनीतिक पार्टी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क व्हाइट हाउस का मोह नहीं छोड़ पा रहे। वह अपनी खुद की नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा कर सकते हैं। इस समय दोनों के संबंधों में इतनी खटास आ गई है कि वह एक-दूसरे को फूटी आंखों सुहा नहीं रहे।

सीबीएस न्यूज के अनुसार, एलन मस्क ने ट्रंप से अलग होने के बाद गुरुवार को अपनी नई पार्टी बनाने का विचार देश के सामने रखा। ट्रंप के तीखे कटाक्षों के बीच मस्क ने अपने 220 मिलियन फॉलोवर्स का मत जानने के लिए एक्स को पोल पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि क्या अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है। मस्क ने शुक्रवार को कहा कि पोल में 80 फीसद फॉलोवर्स ने उनके विचार का समर्थन किया। मस्क ने शाम को लिखा कि यह उनका भाग्य है। इसके बाद मस्क ने एक प्रशंसक के सुझाव का समर्थन किया कि वह इसका नाम अमेरिका पार्टी रखें। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क रिपब्लिकन पार्टी से अलग होने को लेकर कितने गंभीर हैं। बावजूद इसके वह ट्रंप के प्रभाव को चुनौती देने का प्रयास कर सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

## जनभागीदारी से ही सिमडेगा होगा नशा मुक्त : डीसी



सिमडेगा : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा स्वापक औषधियों एवं मनः दैहिक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला-सह-परिचर्चा का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु, तथा मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।
कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्री पलटू महतो ने स्वापक औषधि एवं मनः दैहिक पदार्थों के विभिन्न प्रकारों और इनके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ये पदार्थ व्यक्ति, परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए जिले में नशीले पदार्थों की उपलब्धता, बिक्री और खपत की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई।
उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे निपटने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों, मीडिया एवं सामाजिक संगठनों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आगामी 10 जून से सिमडेगा में नशा मुक्ति हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को ₹नशा मुक्त सिमडेगा₹ की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ-साथ यूट्यूबर्स, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
यह पहल जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है, जिसमें जनभागीदारी को केंद्र में रखा गया है।

## जोगीमुंडा में ट्रांसफार्मर बदलवाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप



**सिमडेगा :** प्रखंड ठेठईटांगर अंतर्गत कोनपाला पंचायत के जोगीमुंडा गांव में बंद पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के एवज में ग्रामीणों से बिजली विभाग कर्मियों द्वारा अवैध राशि वसूली का मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही बाप (इअढ) पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सिमडेगा को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।
बाप जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर बदलने के लिए ग्रामीणों से 25-25 हजार रुपये की मांग की जा रही है, जो शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहले से ही जिले में बिजली आपूर्ति अनियमित है और अब अवैध वसूली की घटनाएं आम होती जा रही हैं। चिराग तिर्की ने बताया, ह्लबिजली विभाग की यह काली करतूत जनता के साथ धोखा है। हमने उपायुक्त महोदया से आग्रह किया है कि वे इस मामले की जिला स्तरीय टीम से निष्पक्ष जांच कराएं और दोषी कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करें। मौके पर बाप नेता सह मुखिया शिशिर टोप्पो, कोनपाला पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य दीपक लकड़ा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने प्रशासन से इस तरह की भ्रष्टाचारपूर्ण व्यवस्था के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की।

## नारी शक्ति ने डीसी से की ट्रैफिक पुलिस की शिकायत

**जमशेदपुर :** सामाजिक संगठन नारी शक्ति की प्रतिनिधियों ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात कर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई से आम नागरिकों को हो रही परेशानी को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन की अध्यक्ष अपर्णा गुहा के नेतृत्व में उपायुक्त को ज्ञापन देकर कहा गया कि वाहन जांच जरूरी है, लेकिन नियमों में मानवीय छूट भी दी जानी चाहिए।अपर्णा गुहा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस कई बार पेड़ या दीवार के पीछे छिपकर वाहन चालकों को रोकती है, जिससे अचानक ब्रेक लगने या घबराहट में दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। मामूली दस्तावेज की कमी पर जुमार्ना वसूला जाता है, जिससे लोगों में रोष है।
उन्होंने बताया कि महिला, बुजुर्ग और अस्पताल जा रहे मरीजों तक को हेलमेट या अन्य कारणों से जुमार्ने का सामना करना पड़ता है, जो न केवल असंवेदनशील है बल्कि परेशान करने वाला भी है। ज्ञापन की प्रति एसएसपी और ट्रैफिक डीएसपी को भी सौंपी गई है। मौके पर संगठन की सदस्य पूर्वी घोष, सुदीप्ता बरुआ, सुब्रता बरुआ, मानसी बरुआ, कोयल बनर्जी, काबेरी बनर्जी, अंजलि मुखर्जी, बीना नाग, सुष्मिता पॉल, गोपा दलाल और अंजना दत्ता मौजूद थीं।

## असंगठित मजदूर मोर्चा हर्ल प्रबंधन के खिलाफ करेगा आंदोलन

**सिंदरी :** असंगठित मजदूर मोर्चा की एक अहम बैठक शुक्रवार को यूपीएन संख्वार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने हर्ल के वरिष्ठ मानव संसाधन अधिकारी पर हर्ल के वाइस प्रेसिडेंट को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि एचआर हेड ना किसी से मिलते हैं और ना उच्च प्रबंधन से बात करने देते हैं। वे केवल अपने चहेते के प्रति समर्पित हैं। जो दुर्भाग्यपूर्ण है। चेतावनी दी कि एचआर हेड के अड़ियल रवैए को लेकर असंगठित मजदूर मोर्चा को आंदोलन में उतरना पडेंगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि हर्ल में मजदूरों का शोषण प्रबंधन के संरक्षण में किया जा रहा है।

## पटमदा एवं बोड़ाम में पढ़ी गई ईद-उल-अजहा की नमाज

पटमदाः कुबार्नी का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) का नमाज शनिवार को पटमदा के बेलटांड़ स्थित मस्जिद में सुबह 7.30 बजे पढ़ी गई। इसमें मुख्य रूप से शेख यूनुस, शेख मैनुल, खादिम अंसारी, मोहम्मद साजिद खान, शेख मफीज, मोहम्मद महमूद, शेख नवाज, मोहम्मद नाजिर, शेख रहीम, शेख साजिद, शेख शमीम, शेख गुलजार एवं शेख ऐनुल समेत काफी संख्या में नमाजी मौजूद थे। नमाज अदा करने के पश्चात मस्जिद से निकले मुस्लिम समुदाय के लोगों को पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने बकरीद की बधाई दी। इस दौरान शांतिपूर्वक त्योहार संपन्न कराने के लिए बेलटांड़ बाजार में पुलिस के जवान तैनात रहे एवं थाना प्रभारी क्षेत्र में गश्त करते नजर आए।

# जनवितरण का खाद्यान्न का उठाव समय पर एवं वितरण पारदर्शिता से सुनिश्चित हो : डीसी

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (ठत्र्रअ) तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (खरत्र्रर) के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।
उपायुक्त महोदया ने निर्देश दिया कि लाभुकों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री समय पर उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए खाद्यान्न का समय पर उठाव, भंडारण एवं परिवहन की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी आच्छादित परिवारों को प्रत्येक माह निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न जैसे चावल, दाल, चीनी एवं अन्य आवश्यक सामग्री निर्बाध रूप से उपलब्ध कराई जाए।
बैठक में यह बताया गया कि जिले के सात प्रखंडों – बोलबा (3), केसरई (24), कोलेबिरा (15), कुरडेग (177), पाकरटांड (29), सिमडेगा (28) एवं ठेठईटांगर (4) – में कुल 280 आदिम जनजाति (ढश्ळत्र्) परिवारों की पहचान की गई है। इन परिवारों को प्रत्येक माह 35 किलोग्राम चावल सीलबंद पैकेट में उनके निवास स्थान तक पहुँचाकर, संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जो परिवार अब तक योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी सूचीबद्ध कर योजना से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया।
उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि ठत्र्रअ के तहत अन्त्योदय एवं



पूर्वविक्ताप्राप्त गृहस्थ राशन कार्डधारियों को 1 किलोग्राम चना दाल एवं 1 किलोग्राम चीनी अनुदानित दर पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (खरत्र्रर) के अंतर्गत ग्रीन राशन कार्डधारकों को भी समान रूप से लाभ सुनिश्चित किया जाए।
ह्लसोना सोबरण धोती-साड़ी वितरण योजनाह्व के तहत प्राप्त वस्त्रों का लाभुकों के बीच पारदर्शिता के साथ वितरण कर, वितरण उपरांत समुचित राशि को विभागीय शीर्ष में जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के अंतर्गत जिले में संचालित कुल 13 दाल-भात केंद्रों की साफ-सफाई, नियमित संचालन और गुणवत्ता की नियमित निगरानी पर बल दिया गया।
उपायुक्त ने यह भी कहा कि ह्लचावल दिवसह्व के आयोजन के माध्यम से लाभुकों में जागरूकता फैलाई जाए तथा ढऊर दुकानों का औचक निरीक्षण व निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए प्रखंडवार वरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सतर्कता समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।
बैठक में एलआरडीसी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती अरुणा कुमारी, संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य कार्यालयकर्मी उपस्थित थे। बैठक के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया।

# राजश्री लोहार को मेट्रो रेज के कोल्हान प्रभारी ने किया सम्मानित



### स्नातक में नामांकन भी मेट्रो रेज के द्वारा कराया जाएगा

ज्योति पाठक

मारवाड़ी उच्च विद्यालय 10+2 की छात्रा राजश्री लोहार ने पश्चिम सिंहभूम जिला चाईबासा में अव्वल आकर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है साथ ही साथ पश्चिम सिंहभूम जिला में भी शिक्षा के क्षेत्र में नाम रौशन किया है। इसके गौरव और उपलब्धि पर झारखंड के वरीय पत्रकार एवं मेट्रो रेज के कोल्हान प्रभारी विनय मिश्रा ने शुभकामना दी। श्री मिश्रा ने कहा कि- राजश्री के स्नातक की पढ़ाई मेट्रो रेज की तरफ से कराया जाएगा जिससे वह आगे की पढ़ाई अच्छी तरह कर पाए।गौरतलब हो कि श्री मिश्रा मेधावी छात्रों को हमेशा सकरात्मक सहयोग करते रहे हैं।

# गढ़वा जिला को बेहतर और तेजी के साथ विकास कार्यों को गति देने में जुटे उपायुक्त

बिनय मिश्रा

पलामू प्रमंडल कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र गढ़वा जिला को नव पदस्थापित उपायुक्त दिनेश कुमार यादव गढ़वा जिला को भरपूर विकास गति देने में जुट गए हैं। गौरतलब हो कि श्री यादव इससे पूर्व प्रशिक्षण के दौरान पश्चिम सिंहभूम जिला में भी पदस्थापित रह चुके हैं तथा तत्कालीन उपायुक्त अरवा राजकमल इनके बेहतर कार्य प्रणाली से प्रभावित भी रहते थे इसके पश्चात दिनेश कुमार यादव देवघर के अनुमंडल पदाधिकारी भी रहे तत्पश्चात रांची के डीडीसी भी रहे इनके पदस्थापना काल में रांची जिला का काफी विकास हुआ जो इनकी उपलब्धि में शामिल है।
भारतीय प्रशासनिक सेवा 2018 बैच के लोकप्रिय,कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी श्री यादव ने 27 मई को अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने कहा कि जिला में पूर्वत की भांति जिला को भरपूर विकास



गति दी जाएगी, सरकारी योजनाओं को धरातल पर पूर्ण रूप से उतारा जाएगा, जनसमस्याओं का निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिला को बेहतर जिला बनाना उनका दायित्व भी है।
ऐसे आईएएस अधिकारी से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

### दुमका में ट्रक मालिक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

# मुख्य आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार, दो फरार

दुमकाः बिहार के छपरा निवासी ट्रक मालिक दिलीप राउत की गोली मारकर हत्या करने और धान से भरे ट्रक को लूटकर आग लगाने वाले मुख्य आरोपी, ट्रक चालक 35 वर्षीय प्रेम कुमार गोस्वामी को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया है. शुक्रवार को उसे दुमका लाया गया और पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया.
हत्याकांड में शामिल दो अन्य आरोपी, संदीप गोस्वामी और संजय यादव, अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है. आरोपी प्रेम बिहार के बांका जिले के सुईया थाना क्षेत्र के जेरूआ गांव का निवासी है. पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक पेन ड्राइव बरामद की है. यह घटना दो माह पूर्व, 2 अप्रैल 2025 को हुई थी.
एसपी ने दी घटना की जानकारी



शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में दुमका के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि दिलीप राउत ट्रक मालिक होने के साथ-साथ स्वयं वाहन चलाते थे. 2 अप्रैल 2025 को वह समस्तीपुर से धान लेकर पश्चिम बंगाल के वर्धमान के लिए निकले थे. उनके साथ नया चालक प्रेम कुमार गोस्वामी भी था, जिसके साथ उनकी पुरानी दोस्ती थी. रास्ते में बांका के पास अचानक ट्रक खराब हो गया. इसी दौरान दो युवक, संदीप गोस्वामी और संजय यादव, कोलकाता जाने की बात कहकर ट्रक में सवार हो गए.
हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ैत पुल के पास दिलीप की गोली मारकर हत्या कर दी गई और उनके शव को वहीं फेंककर धान समेत ट्रक लेकर आरोपी फरार हो गए. चौकीदार शीतल हांसदा के बयान पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया. अगले दिन शव की पहचान दिलीप राउत के रूप में हुई.
धान बेचकर ट्रक में लगाई थी आग
एसपी के अनुसार, ट्रक लूटने के बाद आरोपियों ने सारा धान जमुई में बेच दिया और ट्रक को देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के पुनासी गांव में ले जाकर आग लगा दी. पुलिस ने प्रेम गोस्वामी को ओडिशा से गिरफ्तार किया और पूछताछ में उसने सारा सच उगल दिया.
पुलिस के अनुसार, दिलीप राउत की हत्या की साजिश बांका में रची गई थी. योजना के तहत ट्रक को बांका में खराब किया गया, जहां संदीप गोस्वामी और संजय यादव ट्रक में सवार हुए. दोनों कोलकाता में वाहन चलाते थे और प्रेम उन्हें पहले से जानता था. इसलिए, उसने उन्हें ट्रक में बैठा लिया. रास्ते में तीनों ने मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया. हत्या के बाद प्रेम गोस्वामी ओडिशा में वाहन चलाने लगा.

# प्रगतिशील लेखक संघ की कहानी गोष्ठी संपन्न

**जमशेदपुर :** प्रगतिशील लेखक संघ की कहानी गोष्ठी साकची में संपन्न हुई। जिसमें वर्धा हिंदी अंतरास्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यापक देश के जाने माने कथाकार राकेश मिश्र ने अपनी कहानी ₹यह भी एक जगह है ₹ पढ़ी दलित विमर्श पर आधारित कहानी समाज में एक दलित लडके की स्कूल से लेकर कृषि वैज्ञानिक बनने एवं ऑफिस में होने वाली तिरस्कार एवं भेदभाव पर जूते के माध्यम से बखूबी चित्रित थो कहानी पर चर्चा करते हुए कंचन ने कहनी के प्रवाह एवं तारतम्यता की सराहना कीे क्षितिज ने उदयप्रकाश की कहानी ₹ मोहन दास₹ का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि क्या कहानी का नायक बिना नशे का भी विद्रोह कर पता` विनय कुमार ने कहानी के दूसरे पात्र का नैतिक पतन एवं अवसरवादिता का उल्लेख किया कृपाशंकर ने कहानी के शीर्षक को बदलने की सलाह दीे शैलेंद्र अस्थाना ने जूते सांकेतिक रूप से इस्तेमाल की प्रशंसा कीे द्वारिका पांडेय ने लेखक को अपने उद्देश्यों में सफल बताया` शशि कुमार ने कहानी में वर्णित प्रसंग से अपने संस्मंरण सुनाऐ नियाज अख्तर ने ऑफिस में दलितों के विद्रोह की कुछ उदारण दिऐ अख्तर आजाद ने कहानी को मुकम्मल बताते हुए शीर्षक से असंगतता का जिक्र किया. अहमद बद्र ने कहानी को अच्छी बताते हुये लेखक को पात्र की भाषा इस्तेमाल करने की सलाह दीे जयनंदन ने कहानी को दलित विमर्श की ठीक ठाक कहानी बताया और समाज में फैले जातिवाद का उल्लेख किया. कहानीकार राकेश मिश्र कहानी लिखने की परिस्थितियों का जिक्र कियो अंत में हाल में दिवंगत आदिवासी विचारक पुर्व विधायक कामरेड वास्ता सोरेन की याद में दो मिनट का मौन रखा गया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया ।

# श्रावणी मेला को लेकर देवघर में बिजली विभाग हुआ एक्टिव

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर:** झारखंड के देवघर में बिजली की समस्या आए दिन देखने को मिलती है. ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी आए दिन बिजली कटने की समस्या की शिकायत करते लोग मिलते हैं. वहीं सावन को देखते हुए बिजली की समस्या को दुरूस्त करने के लिए जिला प्रशासन और बिजली विभाग काम में लगा हुआ है.
बिजली विभाग की इस प्रक्रिया की वजह से कहीं ना कहीं स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. दरअसल देवघर के नगर निगम क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार और खराब ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार काम कर रहे हैं. लेकिन उनके इस प्रगति कार्य से वर्तमान में प्रतिदिन घंटों बिजली कट रही है.
स्थानीय लोगों ने बताया कि रिपेयरिंग के नाम पर प्रतिदिन घंटे बिजली की कटौती की जा रही है. खासकर देवघर शहर के श्री राम झा चौक, हिंदी विद्यापीठ, रंग मोड़, रिखिया जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा पावर कट हो रही है. लोगों की समस्या को लेकर देवघर विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक



अभियंता नीरज आनंद बताते हैं कि जिस रूट लाइन से भक्तों का आना-जाना होता है, उसी रूट लाइन में विशेष कार्य किए जा रहे हैं. इसीलिए इन क्षेत्रों में पावर कट की समस्या हो रही है. इन सभी क्षेत्रों में अगले एक-दो दिनों में जर्जर तार बदल दिए जाएंगे, जिसके बाद पावर कट की समस्या से लोगों को निजात मिल जाएगी.
कार्यपालक अभियंता नीरज आनंद ने बताया कि कांवरिया पथ और श्रद्धालुओं के आने जाने वाले रूट लाइन में जर्जर तार को इसलिए बदला जा रहा है क्योंकि इसी रास्ते से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते हैं. इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जर्जर तार और पुराने ट्रांसफार्मर को बदला जा रहा है. वहीं कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सावन के दौरान आम दिनों की तुलना में 25 से 30 मेगावाट बिजली की खपत बढ़ जाती है. ऐसे में पुराने तारों को बदलना जरूरी होता है. गौरतलब है कि एक तरफ जिला प्रशासन और बिजली विभाग सावन में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर बिजली व्यवस्था का दावा कर रहा है तो दूसरी तरफ स्थानीय लोग बिजली संकट से प्रतिदिन जूझने की शिकायत कर रहे हैं.
ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि जर्जर तार और पुराने ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया कब तक समाप्त होगी ताकि देवघर के रहने वाले स्थानीय लोगों को पावर कट की समस्या से निजात मिल सके.